* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची 07 जुलाई, 2024 , रविवार, वर्ष 09, अंक 257, आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीय, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

अंदर पढ़ें



दरी बिछाने और झंडा ढोने के लिए ही हैं झामुमो कार्यकर्ता: बाबूलाल मरांडी

मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में शामिल होंगे सीएम हेमंत, मिला न्योता पेज 3

रथ यात्रा आज: सज गया भगवान जगन्नाथ का इलाका, तैयारी पूरी

श्रद्धालु खींचेंगे धर्मरथ

मौसीघर जायेंगे भगवान जगन्नाथ

- भगवान की प्रतिमा का हुआ अलौकिक श्रृंगार
- शाम पांच बजे रथयात्रा होगी शुरू
- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान हुआ
- 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जगन्नाथपुर में रथ यात्रा 7 जुलाई को निकाली जायेगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। शनिवार को भगवान की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नेत्रदान हुआ। इसके बाद भक्त भगवान का दर्शन कर सके। भगवान के दर्शन के लिए दोपहर दो बजे से भक्तों की भीड़ जुटने लगी। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान शुरू हुआ। फिर 108 दीपों से मंगल आरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता का द्वादश अध्याय पाठ और भगवान की स्तुति की गयी। भगवान जगन्नाथ को मालपुआ सहित अन्य मिष्ठान्नों का भोग लगाया गया।

आज उमड़ेगा भक्तों का रेला: महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग कतार बनायी गयी है। दोपहर दो बजे सभी विग्रहों को बारी-बारी से रथारूढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। रविवार शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। भक्त रस्सी के सहारे रथ को खींच कर मौसीबाड़ी लायेंगे, जहां महिलाएं भगवान की पूजा करेंगी। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा, जो सोमवार को सुबह पांच बजे खुलेगा। मंगल आरती और भोग लगाया जायेगा। 16 जुलाई को रात में भगवान को गुंडिचा भोग लगाया जायेगा। खीर, खिचड़ी और सब्जी का भोग लगेगा। पूरे साल में सिर्फ एक ही दिन रात्रि में गुंडिचा भोग लगता है। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

भक्तों ने भगवान के दर्शन किये

रांची पुलिस की ओर से रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मेला परिसर और उसके आसपास एक हजार जवानों को तैनात किया गया है। 15 दिन का भगवान जगन्नाथ का एकांतवास शनिवार को खत्म हुआ। इसके साथ ही नेत्रदान के बाद भक्तों ने भगवान के दर्शन किये। इधर, मेला भी सज-धज कर तैयार है। रविवार को भगवान मौसीघर जायेंगे। दस दिनों तक चलनेवाले इस मेले में आस्था और मस्ती का समागम दिखेगा। एसएसपी ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। आपात स्थिति से निपटने की तयारी है। जगन्नाथपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय को अग्निशमन केंद्र बनाया गया है। केंद्र में अग्निशमन की टीम के साथ चार गाड़ियां भी रहेंगी। धुर्वा इलाके की ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। भारी वाहनों को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। इसके लिए पुलिस की ओर से मेला परिसर के इर्द-गिर्द सात स्थानों पर बैरिकेडिंग की गयी है।

बजट 23 जुलाई को सीतारमण लगातार 7वीं बार पेश करेंगी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मोदी सरकार 3.0 का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। पहला बजट 23 जुलाई को पेश होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। वे ऐसा करनेवाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जायेंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किये थे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह बजट नयी सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। लोकसभा चुनाव के कारण फरवरी में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था।

नीट-यूजी काउंसिलिंग आज से नहीं हुई शुरू

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। नीट-यूजी के लिए काउंसिलिंग को मेडिकल काउंसिलिंग कमीशन (एमसीसी) ने स्थगित कर दिया है। काउंसिलिंग की कोई नयी डेट जारी नहीं की गयी है। नीट-यूजी की ऑल इंडिया कोटा सीट्स (एआइक्यू) काउंसिलिंग शनिवार से शुरू होनेवाली थी, लेकिन यह शुरू नहीं हुई, जबकि नीट काउंसिलिंग रोकने की याचिका पर 11 जून को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

चैंबर के कान्क्लेव 'सृजन' में शामिल हुए मुख्यमंत्री

युवा स्टार्टअप शुरू करें, सरकार करेगी पूरा सहयोग : हेमंत सोरेन

उद्योगों को लेकर सरकार की है सकारात्मक सोच

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में जो भी उद्योग हैं। जो भी नये उद्योग आने वाले हैं। उसके प्रति सरकार की सकारात्मक सोच है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो। अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों। हमारी सरकार उद्योगों और उद्योग स्थापित करनेवालों को पूरा सहयोग करेगी। राज्य सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी बनायी है। युवा स्टार्टअप शुरू करें। सरकार उनको पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री शनिवार को रांची विश्वविद्यालय परिसर के आर्यभट्ट सभागार में फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित 'सृजन' स्टार्टअप कान्क्लेव में बोल रहे थे।

हेमंत ने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी बनायी है। हालांकि, इस राज्य में स्टार्टअप को जितना बढ़ावा मिलना चाहिए था, उसमें थोड़ा पीछे हैं। सरकार जल्द ही स्टार्टअप को मजबूती और बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठायेगी। स्टार्टअप के जरिए युवा रोजगार से जुड़ें और दूसरों को भी रोजगार दें।

मिल कर सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य: मुख्यमंत्री ने चैंबर्स से कहा कि झारखंड में कई ऐसे उद्योग हैं, जो वर्षों पुराने हैं। उद्यमियों की पीढ़ी-दर-पीढ़ी यहां व्यवसाय कर रही है। ये सभी झारखंड के बदलते स्वरूप को देखते आ रहे हैं। वे यहां की आर्थिक-सामाजिक और भौगोलिक स्थितियों से भलीभांति वाकिफ हैं। वे जितनी अच्छी तरह इस राज्य को समझ सकते हैं, दूसरे नहीं समझ सकते हैं। ऐसे में आपके साथ मिल कर राज्य का सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य है।

कार्यक्रम में थे मौजूद: इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव विप्रा भाल, चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



उद्योगों का लाभ पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश के नीति-निर्धारकों ने इस राज्य की अहमियत को समझा था। इसी का नतीजा था कि हमारे राज्य में कई बड़े उद्योग स्थापित हुए। टाटा और बिड़ला जैसे कई उद्योग समूहों ने अपने उद्योग लगाये। इसी राज्य में कोल इंडिया की सबसे ज्यादा गतिविधियां संचालित हो रही हैं। देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री से लेकर माइनिंग इंस्टीट्यूट एवं उद्योग जगत की जननी से मशहूर एचइसी भी हमारे राज्य में स्थापित है। लेकिन, जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया और परिस्थितियां कुछ ऐसी बनती गयीं कि यहां के कई उद्योग-धंधे बंद हो गये। जिन उद्योगों का विस्तार होना था, वे सिमटते गये। इस वजह से लोग बेरोजगार भी हुए। हमारी सरकार उद्योगों की ऐसी बुनियाद डालना चाहती है, जिसका लाभ लोगों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिल सके। इसमें झारखंड चैंबर्स का जो भी सुझाव होगा, उस पर सकारात्मक अमल करते हुए पूरा सहयोग करेगी।



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in
02

हेमंत-हेमंत रटते-रटते असली मुद्दों से भटक गयी है भाजपा

■ सिर्फ आरोप लगाने और समस्याएं गिनाने से नहीं होगा बेड़ा पार

आजाद सिपाही विशेष

डॉ राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जब तक राजनीति में विकल्प नहीं होगा, कोई भी दल या विचारधारा सफल नहीं हो सकती है। डॉ लोहिया की यह बात आज भारतीय राजनीति में, खासकर झारखंड में कुछ-कुछ हद तक सच साबित होती हुई दिख रही है। भारत की राजनीति में अब विकल्पों की बात कोई नहीं करता, यानी राजनीति का केंद्र केवल सत्ता बन गया है और यही हाल झारखंड में भी है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के लिए झारखंड की सत्ता दोबारा हासिल करना एक बड़ा चैलेंज है, लेकिन उसके नेता यह नहीं समझ रहे हैं कि सत्ता का यह रास्ता सिर्फ आरोप लगाने या मुद्दा गिनाने से नहीं, उसका समाधान निकालने से निकलेगा। झारखंड में भाजपा की हालत यह है कि विपक्ष में होने के बावजूद वह किसी मुद्दे पर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने से हिचकने लगती है, उनका आंदोलन सोशल मीडिया या सिर्फ बयानों तक सिमट जाते हैं। इसका परिणाम हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में मिल चुका है, जब भाजपा के दिग्गजों अर्जुन मुंडा और समीर उरांव को झारखंड में हार का सामना करना पड़ा। मुद्दों को उठाने की बजाय यदि मुद्दों के समाधान की तरफ भाजपा ध्यान देगी, तो जनता के बीच उसका आधार बढ़ सकता है, लेकिन झारखंड में भाजपा की पूरी ऊर्जा 'केवल हेमंत' पर ही खर्च हो रही है। लोकसभा चुनाव में जैसे ही इंडी गठबंधन ने विकल्पों को सामने रखना शुरू किया, उसे सफलता मिल गयी। मसलन चुनाव में इंडी गठबंधन ने अपना प्लान साफ-साफ जनता से साझा किया। उसने बताया कि केंद्र में उनकी सरकार आने पर वह गरीब महिलाओं के खाते में हर महीने आठ हजार रुपये बारह महीने तक खटाखट डालेंगे। झारखंड में उठी सरना धर्मकोड की मांग को वह पूरा करेंगे। जल-जंगल जमीन पर हक देंगे। झारखंड में जाति आधारित गणना करायेंगे। आदिवासी और ओबीसी आरक्षण की सीमा को वह बढ़ायेंगे। उसका असर यह दिखा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सीट दो से बढ़ कर पांच पर पहुंच गयी। एनडीए बारह सीटों से सिमट कर नौ पर आ गया। झारखंड में अगले कुछ दिनों में विधानसभा का चुनाव होना है और यदि भाजपा ने अपना तरीका नहीं बदला, तो उसके सपनों को पंख लगना मुश्किल है। क्या है झारखंड भाजपा की कमजोरी और इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

झारखंड में देखा जाये तो मुद्दों की कोई कमी नहीं है। अगर आप घर से बाहर पहला कदम ही रखेंगे, तो मुद्दा पर ही रखेंगे। चारों तरफ आपको मुद्दा ही मुद्दा दिखेगा। ज्यादातर चिर-परिचित मुद्दे आपको घेरे रहेंगे। मुद्दा इसलिए दिखेगा, क्योंकि आप उन समस्याओं के बीच रहते हैं। उन समस्याओं की जननी से आप अच्छी तरह से परिचित होते हैं। उसके बाद आप उन समस्याओं के निष्पादन का रास्ता ढूंढ़ते हैं, न कि उन समस्याओं की जननी को आप दिन भर कोसते रहते हैं। जो सिर्फ कोसते हैं, वे उन समस्याओं से घिरे रहते हैं, लेकिन जो निदान की दिशा में पहल करते हैं, वे उन समस्याओं का निष्पादन कर लेते हैं। ठीक यही हाल झारखंड के राजनीतिक दलों का है। हर दल सिर्फ एक-दूसरे को कोसते रहते हैं। मुद्दों की जननी को तो कोसते हैं, लेकिन मुद्दों के समाधान के बारे में कोई कार्य योजना तय नहीं करते। फिलहाल इन राजनीतिक दलों में भाजपा अभी अव्वल चल रही है। भाजपा मुद्दा तो उठाती है, लेकिन उस मुद्दे का हल नहीं बताती। भाजपा समस्या तो गिनवाती है, लेकिन समस्या का हल क्या हो सकता है, उसके बारे में उसकी कोई रणनीति नहीं दिखाई पड़ती। भाजपा भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाती है, लेकिन उसका साक्ष्य नहीं दे पाती। जिन विभागों में भ्रष्टाचार की बात वह करती है, उसकी जड़ में वह जाना नहीं चाहती। कई ऐसे आरोप उसने लगाये, जिनका बीजारोपण दस या पंद्रह साल पहले ही हो चुका था, लेकिन वह सिर्फ पूंछ पकड़ कर यानी महागठबंधन सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल पर आकर अटक जाती है। बात झारखंड की। उदाहरण के तौर पर, जैसे केंद्र में इंडी गठबंधन के पास मुद्दा क्या था, सिर्फ मोदी। उसके पास अपना कोई विजन नहीं था। लेकिन जैसे ही इंडी गठबंधन ने जनता के सामने मोदी के अलावा अन्य मुद्दों को स्थान दिया, वे क्लिक कर गये। चाहे हर महीने टकाटक पैसे वाला फार्मूला हो या संविधान कीलाल किताब पकड़ कर अपना एजेंडा फैलाना। इंडी गठबंधन इसमें सफल हो गयी।

झारखंड में भाजपा का भी हाल इंडी गठबंधन वाला ही है। उसके पास हेमंत सोरेन के अलावा कोई मुद्दा ही नहीं है। जो मुद्दा भी वह उठाती है, उस मुद्दे को हवा देने के लिए कोई रणनीति पर कार्य नहीं होता। कोई आंदोलन नहीं होता। गलती से अगर इक्का-दुका कभी आंदोलन हुआ हो, और गलती से किसी नेता को एक-दो लाठी पड़ गयी हो, तो वह अपने जख्म को कैसे जूम कर के दिखा पाये, कैसे प्रचारित कर पाये, उसमें ही अपना तंत्र इस्तेमाल करता रहता है। आंदोलन का असर क्या हुआ, क्या उस आंदोलन से उस मुद्दे का कोई हल निकल पाया, या वह मुद्दा जनता के बीच कोई जगह बना पाया, यह जानने का कोई जतन नहीं करता। बस मैंने कंधे पर लाठी खायी, हाय रे मेरा माथा फट गया रे, पीठ लाल हो गयी रे, टैग करो जल्दी-जल्दी, मोदी जी को टैग करो, अमित शाह को टैग करो, जेपी नड्डा को टैग करो, ट्विटर और फेसबुक पर फोटो डालो, बताओ मोदी जी, अमित शाह जी को कि देखिये मैंने पार्टी के लिए कितने डंडे खाये। इसके पीछे मंशा तो यही रहती होगी कि इस बार तो टिकट मुझे ही मिलना चाहिए। लेकिन क्या लाठी खाने के बाद आप जनता के बीच गये, जनता को बताया कि देखिये आपके मुद्दे हम जोर-शोर से उठा रहे हैं, आपकी समस्या के लिए हम प्रयास कर रहे हैं, चाहे शरीर का पुर्जा-पुर्जा ही क्यों न टूट जाये, हमारा कदम अब पीछे नहीं हटेगा। दूसरी तरफ कल्पना सोरेन या जेएमएम के नेताओं ने क्या किया। उनके पास एक मुद्दा था। हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जेल में डाला गया। उनके साथ अन्याय हुआ है। मुद्दा यह नहीं था कि विकास करेंगे। मुद्दा यही था कि हेमंत सोरेन के साथ अन्याय हुआ है। इसे लेकर वह जनता के बीच गये। जनता ने उनकी बातों को समझा और ऐसा समर्थन दिया कि आज हेमंत सोरेन जेल से बाहर हैं। मुद्दा जेएमएम का था, न कि जनता का, लेकिन जेएमएम अपने लोगों के पास गया, कल्पना सोरेन अपने लोगों, अपने वोटरों के पास गयीं, उनके दरवाजे गयीं, हाथ जोड़ा, आंसू बहाया, अपनी पीड़ा को अपने वोटरों के साथ बांटा। जनता को भी लगा कि कल्पना सोरेन हमारे दरवाजे आयी हैं। वह हमें कितना मानती हैं। वह हमें अपना मानती हैं, तभी तो वह अपना दर्द हमसे साझा कर रही हैं। तो लोगों ने भी कल्पना को अपनी बेटी माना, बहन माना, बहू माना और खुल कर आशीर्वाद दिया। यहां हेमंत सोरेन के साथ अन्याय मुद्दा था। उसे जेएमएम ने जनता के बीच में ठीक तरीके से पिच किया। यानी मुद्दों का प्रेजेंटेशन बहुत मायने रखता है।

यहीं भाजपा पिछड़ रही है। भाजपा के नेता बस माला पहनने में व्यस्त रहते हैं, लेकिन वही माला वे अगर अपने वोटरों को पहना दें, सम्मान बढ़ा दें, फिर देखिये उसका पूरा समर्पण स्पष्ट दिखाई पड़ेगा। अभी हाल में भाजपा की तरफ से विधानसभा के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी बनाया गया और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी। लेकिन जब ये भी झारखंड का दौरा कर रहे हैं, तो इनके केंद्र में सिर्फ हेमंत ही हैं। उन पर ही हमला बोल रहे हैं। अरे, अब हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ चुके हैं। आपके पास झारखंड के विकास के लिए क्या-क्या योजनाएं हैं, यह क्यों नहीं जनता को बता रहे हैं। झारखंड सरकार द्वारा कई जनहित योजनाओं की शुरुआत हुई है, क्यों नहीं उससे आप कंपीट कर रहे हैं। क्यों नहीं घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं और बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को टारगेट दे रहे हैं कि आप जनता के बीच जाइये और जनता की समस्याओं को सुनिए और उसका हल कैसे निकले, उस पर काम कीजिये। आप खुद जनता के पैरोकार क्यों नहीं बन जाते। साथ जाइये, उसकी समस्याओं को सुलझाइये, उसके सुख-दुःख का साथी बनिए, सिर्फ उनके घरों में जाकर खाना-खाने से नहीं होगा। पूछिए कि राशन मिल रहा है कि नहीं। नहीं मिल रहा है, तो उसकी समस्या का हल निकालिये। पता कीजिये, क्यों नहीं मिल रहा है। जनता से सिर्फ वोट मांगने से नहीं होगा। उसकी जिंदगी में झांकिये, सुख-दुख का साथी बनिये, तभी कुछ होगा। नहीं तो जोड़-तोड़ की राजनीति में बस पार्टी लगी रहेगी। उस फलाना पार्टी के नेता को तोड़ लेते हैं। कौन नेता वोट काटेगा, उसकी सूची बनाते हैं, लेकिन आपका नेता क्या करेगा, उस पर कोई विचार नहीं। झारखंड में भाजपा के नेताओं ने यह आरोप तो लगाया कि उसके हजारों हजार वोटरों के नाम मतदाता सूची से गायब हो गये हैं और वे वोट देने से वंचित रह गये हैं, लेकिन वे उसकी तह में नहीं गये। जब वोटर लिस्ट सामने आयी, तो आपने उसकी स्क्रूटनी क्यों नहीं करायी। आपके बूथ बहादुर और पन्ना प्रमुख बहादुर क्या कर रहे थे। आखिर उन्हें इसीलिए तो रखा गया है कि मतदाता के पास वे जायेंगे। जब उन्हें पता ही नहीं है कि किस मतदाता का लिस्ट में नाम नहीं है, किसका है, तो वे किसे लेकर बूथ तक आयेंगे। किसे घर-घर जाकर समझायेंगे।

भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में झारखंड में कौन सा फायर ब्रांड नेता तैयार किया है, जो प्रभावशाली हो, कोई बता सकता है। मुझे लगता है एक भी नहीं। अगर आंदोलन ही नहीं होगा, तो नेता तैयार होगा कैसे। आंदोलन का मतलब सिर्फ सड़क पर उतरना नहीं होता। आंदोलन का मतलब एक ऐसी शुरुआत, जो झारखंड की समस्याओं को सुलझाये। क्यों नहीं आदिवासियों के लिए भाजपा एक मंच बनाती है, जिससे आदिवासियों की जो भी समस्याएं हैं, उसका हल निकल पाये। कोई कानूनी मामला हो, तो वकील दे दे। कोई सरकारी योजना का मामला हो, तो कार्यकर्ता उसे योजना का लाभ दिलवाने में सहयोग करें। अगर कोई बीडीओ-सीओ गलत कर रहा है, तो क्यों भाजपा कार्यकर्ता ब्लॉक में जाकर उस बात को नहीं उठाते। लेकिन यह सब तो होगा नहीं। सिर्फ हेमंत सोरेन ने ये गलती की, हेमंत सोरेन ने वह गलती की। अब जवाब दीजिये कि हेमंत सोरेन ने क्या किया। कोर्ट ने तो उन्हें साफ साफ यह कहते हुए जमानत दे दी कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। बोल भी दिया कि जिस मामले में वह जेल गये थे, उससे उनका कोई भी सीधा संबंध नहीं है। भाजपा यह भी आरोप लगाती है कि प्रेम प्रकाश ने यह किया, पंकज मिश्रा ने वह किया, आखिर भाजपा यह क्यों नहीं बताती कि प्रेम प्रकाश को लेकर झारखंड आया कौन था। क्या पंकज मिश्र का कारोबार सिर्फ पांच साल में फैला है। क्या मनरेगा घोटाला पांच साल के दरम्यान हुआ। क्या वीरेंद्र राम ने पांच साल में करोड़ों की कमाई की।

भाजपा की दुर्गति झारखंड में इसलिए हो रही है, क्योंकि वह जनता से कट रही है। अर्जुन मुंडा भी जनता से कट गये थे, तो जनता ने भी उन्हें रास्ता दिखा दिया। इससे बड़ा सबक भाजपा के लिए और क्या हो सकता है। सार यही है कि जब तक भाजपा जनता के बीच नहीं जायेगी, जनता के मुद्दों को नहीं समझेगी और मुद्दों की जड़ तक जाकर समस्याओं को नहीं सुलझायेगी, उससे रिश्ता नहीं डेवलप करेगी, उसके सुख-दुःख की साथी नहीं बनेगी, तब तक भाजपा के लिए सत्ता की डगर मुश्किल है। भाजपा के पास क्या नहीं है। संसाधनों की कोई कमी नहीं है। संगठन है, नेता हैं, चेहरा हैं। बस मोदी जी, अमित जी से बाहर निकलिये और खुद क्या करेंगे, वह बताइये, तभी सफलता की रोशनी दिखाई पड़ेगी। तभी भाजपा हेमंत 3.0 का मुकाबला कर पायेगी, नहीं तो और कोई चारा नहीं है।

इडी का बड़ा खुलासा, कमीशनखोरी में मंत्री से भी आगे निकले अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में टेंडर में कमीशनखोरी मामले की जांच कर रही इडी हर दिन बड़े खुलासे कर रही है। इडी की पूछताछ में चीफ इंजीनियर समेत अन्य इंजीनियरों ने बताया है कि पीएस संजीव लाल के जरिये मंत्री आलमगीर आलम के लिए राशि वसूली जाती थी। इडी का कहना है कि इस घोटाले में मंत्रियों से ज्यादा कमीशन अफसर खा जाते थे। मंत्री 1.35 फीसदी और अफसर-इंजीनियर 1.65 फीसदी कमीशन लिया करते थे।

पूछताछ में इंजीनियरों ने यह भी बताया है कि मंत्री आलमगीर के लिए कमीशन राशि उनके पीएस संजीव लाल के जरिये वसूली जाती थी। बाकी कमीशन राशि चीफ इंजीनियर खुद वसूलते थे। संजीव लाल ठेकेदार सह अपने दोस्त मुन्ना सिंह और उसके भाई संतोष सिंह के माध्यम से ठेकेदारों से कमीशन वसूलता था। इसके बाद राशि दीनदयाल नगर या अभिनंदन मैरिज हॉल के समीप जहांगीर आलम को सौंप दी जाती थी। ये पैसे जहांगीर अपने फ्लैट में जाकर रख देता था।

सजीव के कहने पर मुन्ना ने कई ठेकेदारों से वसूले 53 करोड़: इडी ने यह भी दावा किया है कि ठेकेदार मुन्ना सिंह ने स्वीकार किया है कि संजीव लाल के कहने पर ही उसने तकरीबन 53 करोड़ रुपये राजीव कुमार, संतोष कुमार, राजकुमार टोप्पो, अजय कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, अजय तिर्की और अमित कुमार से लिये थे। इन पैसों को उसने जहांगीर को सौंपा था। संजीव ने वसूली गयी राशि में 2.05 करोड़ अपने पास रखे थे। वहीं 40 लाख उसने बरियातू के संस्कृति विहार स्थित अपने मकान में खर्च किये थे। मुन्ना सिंह ने यह भी बताया है कि संजीव ने उसे 50 लाख रुपये नकद दिये थे।

इडी के सामने सभी इंजीनियरों ने कमीशनखोरी के प्रतिशत के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही कबूल किया है कि आरडब्ल्यूडी, आरडीएसडी और जेएसआरआरडीए में कमीशन वसूली नेताओं, अधिकारियों और इंजीनियरों के लिए आम बात है। इडी ने जानकारी दी है कि पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के मोबाइल में संजीव लाल का दो मोबाइल नंबर सेव था। एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल जहांगीर आलम करता था।

टेंडर घोटाला में संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई 12 को

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर घोटाला मामले मे आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव रहे संजीव लाल की जमानत अर्जी याचिका पर अब 12 जुलाई को सुनवाई होगी। मामले में इडी अपना जवाब दाखिल करेगी। दरअसल, टेंडर घोटाला मामले में इडी ने बीते दिनों आलमगीर आलम, संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

विशेष सत्र में आलमगीर आलम के शामिल होने पर फैसला कल

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर कमीशन मामले के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पीएमएलए कोर्ट से विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। दरअसल, 8 जुलाई को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आहूत है, जिसमें मुख्यमंत्री

हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। फ्लोर टेस्ट में शामिल होने के लिए आलमगीर आलम ने कोर्ट से अनुमति मांगी है। उनकी ओर से हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई आदेश का हवाला देकर विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी गयी है। बता दें कि पूर्व में विधानसभा के पटल पर बहुमत साबित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक दुल्लू महतो और नलिन सोरेन समेत कई को अब तक अनुमति मिली है।

विश्वास मत के दौरान अधिकारियों को मौजूद रहने का निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना डाडेल के कार्यालय से इस संबंध में शनिवार को एक आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ पुलिस महानिदेशक, सभी विभागों के प्रमुख, उपायुक्त और एसएसपी को संबोधित पत्र में कहा गया है कि 8 जुलाई को 11 बजे से पांचवें झारखंड विधानसभा का सत्र है। इस सत्र के दौरान सभी पदाधिकारियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। सरकार के इस आदेश में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 139 के तहत मुख्यमंत्री की ओर से मंत्रिपरिषद में विश्वास का प्रस्ताव रखा जाना है। इसके बाद वाद-विवाद और मतदान होना है। इसलिए 8 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी विधानसभा के पदाधिकारी दीर्घा में मौजूद रहेंगे।

भाकपा माओवादियों का कोल्हान बंद 10 को

आजाद सिपाही संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम। भाकपा माओवादी की दक्षिणी जोनल कमेटी ने 10 जुलाई को कोल्हान प्रमंडल बंद का आह्वान किया है। दक्षिणी जोनल कमेटी ने कहा है कि ऑपरेशन कगार के तहत झारखंड पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने लोवादा में ऑपरेशन क्लीन चला कर छह साथियों का नरसंहार किया है। इसके खिलाफ 10 जुलाई को 24 घंटे का कोल्हान प्रमंडल बंद बुलाया गया है। भाकपा माओवादियों ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि 23 मई को लोवादा गांव के पास जंगल में कामरेड बुधराम सहित तीन सदस्यीय टीम की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में जब कामरेड बुधराम को पैर में गोली लगा, तो वे चलने में असमर्थ हो गये। पुलिस ने कामरेड बुधराम को घायल अवस्था में पकड़ कर बर्बरता के साथ शारीरिक यातना देने के बाद सिर में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। भाकपा माओवादियों ने कहा कि दूसरी घटना लिपुंगा की है। बीते 17 जून को भाकपा माओवादियों के दस्ते पर पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने हमला कर उनके साथियों को बेरहमी से पकड़ कर मार डाला। माओवादियों ने दावा किया है कि कोल्हान प्रमंडल के जंगल में रहनेवाले आदिवासी मूलवासी जनता के ऊपर एक अघोषित युद्ध थोपा गया। पूरे वन क्षेत्र को युद्ध क्षेत्र में तब्दील कर दिया गया। हर गांव में एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी में अर्द्धसैनिक बलों का कैंप बनाया गया, जिससे यहां रहनेवाले लोगों की जिंदगी नरक में तब्दील हो गयी। भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर पर की जानेवाली गोलीबारी कोल्हान के जंगलों में की जा रही है। माओवादियों ने प्रेस की गाड़ियों, एंबुलेंस, दूध सप्लाई और हॉस्पिटल की इमरजेंसी सेवा को बंद से मुक्त रखा है।

दुबई-हांगकांग में बैठ कर ठगी करनेवाले के खिलाफ लुकआउट नोटिस

विदेश में बैठ कर झारखंड में ठगी कर रहे साइबर अपराधी

12 साइबर अपराधियों के खिलाफ नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दुबई और हांगकांग में रह कर झारखंड में ठगी करनेवाले साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआइडी ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। दरअसल, झारखंड में बीते कुछ महीने के दौरान हुई साइबर ठगी की घटना में विदेशी कनेक्शन सामने आया है। साइबर अपराधी विदेश में बैठ कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सीआइडी ने विदेश में बैठे 12 साइबर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया है, ताकि ये अपराधी अगर देश के किसी भी हिस्से में स्थित एयरपोर्ट पर नजर आयेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। देश के अलग-अलग हिस्सों से हाल के दिनों में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है। इसके लिए सीआइडी की साइबर क्राइम ब्रांच को एयर सर्विस भी मुहैया करवायी जा रही है, ताकि साइबर अपराधियों तक पहुंचने में देर ना हो। झारखंड पुलिस अब यूपी, असम, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में भी छापेमारी कर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है। सीआइडी की साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार विदेश में बैठ कर जितनी भी ठगी की जा रही है, उनमें से अधिकांश को टेलीग्राम एप द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.4 °C	23.9 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.39 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.08 बजे

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चंपाई को लेकर अपनी भावना व्यक्त की

दरी बिछाने और झंडा ढोने के लिए ही हैं झामुमो कार्यकर्ता: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन को लेकर अपनी भावना जाहिर की है। सोशल मीडिया के जरिये इसे शेयर करते कहा है कि वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन ने जिस तरह से चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी से बेदखल किया, वह पीड़ा अब चंपाई के बयानों में दिख रही है। हेमंत सोरेन में असुरक्षा की भावना इस कदर घर कर गयी है कि उन्हें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों पर भरोसा नहीं रहा। हेमंत सोरेन और उनका परिवार झामुमो के आदिवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सिर्फ दरी बिछाने और झंडा ढोने

के योग्य समझता है। बाबूलाल के मुताबिक चंपाई सोरेन ने धीरे-धीरे ही सही, लेकिन सकारात्मक राजनीति की ओर कदम बढ़ाया था। पार्टी कैडरों के बीच चंपाई की बढ़ती स्वीकार्यता देख हेमंत विचलित हो उठे। चंपाई जी के प्रकरण को देख कर अब उम्मीद है कि जल-जंगल-जमीन और झारखंड राज्य का आंदोलन करने वाले आदिवासी नेता, कार्यकर्ता झारखंड की अस्मिता और यहां के संसाधनों को किसी परिवारवादी व्यक्ति के हाथ में नहीं सौंपेंगे।

नियुक्ति में बाधा डालना बन गयी है संस्कृति

बाबूलाल मरांडी ने दूसरे पोस्ट में कहा कि पिछले पांच सालों से जानबूझकर युवाओं की नियुक्ति में बाधा डालना जेएमएम-कांग्रेस सरकार की संस्कृति बन गयी है। नौकरी के लिए कोर्ट-कचहरी से लेकर सड़क पर आंदोलन करते-करते राज्य के लाखों परीक्षार्थी हताश और निराश हो चुके हैं। जनवरी में संपन्न हुई जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा सरकार के संरक्षण में पेपर लीक होने की वजह से रद्द हो गयी थी। दोबारा से परीक्षा आयोजित करने की ओर सरकार एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पायी है। इंडी गठबंधन की सरकार ने दिखावे का नियुक्ति कैलेंडर जारी कर युवाओं को फिर से धोखा ही दिया है। सरकार युवाओं की मांग पर संज्ञान लेकर यथाशीघ्र अगस्त माह में ही जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा पारदर्शी ढंग से आयोजित करे।

मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में शामिल होंगे सीएम हेमंत, मिला न्योता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रिलायंस इंडस्ट्री के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रिलायंस इंडस्ट्रीज झारखंड के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट ने मुलाकात कर विवाह का निमंत्रण पत्र भेंट किया। बता दें कि रिलायंस इंडस्ट्री के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी का विवाह 12 जुलाई, 2024 को मुंबई एंटीलिया में संपन्न होगा। मुकेश और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी की तारीख धीरे-धीरे नजदीक आ रही है। 12 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की तैयारियां एंटीलिया में शुरू हो चुकी हैं। ज्योतिषियों की मानें तो अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का दिन यानी 12 जुलाई बेहद शुभ और खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन रवि योग के कई सारे संयोग बनने जा रहे हैं।

राजद प्रभारी सीएम हेमंत सोरेन से मिले

रांची (आजाद सिपाही)। राजद का शिष्टमंडल झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव अभय सिंह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, सचिव रामकुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे। मुलाकात के दौरान उक्त नेताओं ने हेमंत सोरेन को पुन: मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। यह जानकारी प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने दी। बताया कि मुलाकात के दौरान राज्यहित-जनहित में राजनीतिक-सामाजिक कार्यों सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कर्मक्षेत्र में जो रुकावट बनी हुई है, वह शीघ्र ही दूर हो जाएगी, बकाया रकम की प्राप्ति होगी।

वृष धन लाभ व कार्यों में आशानुकूल सफलता मिलेगी,प्रियजनों का सहयोग, किसी समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

मिथुन आपको किसी काम में अनुपम कीर्ति मिलेगी,चारों ओर आपकी वाहवाही होगी।

कर्क सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, महत्वपूर्ण कार्य सफल, सुखद दाम्पत्य जीवन।

सिंह किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से अधूरा काम पूरा होगा, गुप्त शत्रुओं पर विजय।

कन्या प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, नियमित आमदनी की वृद्धि होगी।

तुला आर्थिक पक्ष कुछ हद तक बेहतर बनेगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा।

वृश्चिक रोजी-रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे, आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, कठिनाईयों पर विजय मिलेगा।

धनु परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा,नया आर्थिक-व्यवसायिक योजनाओं में सफलता।

मकर शुभ समाचार मिलेंगे,संपत्ति संबंधी विवाद हल होंगे, पारिवारिक उलझनें दूर होंगी।

कुंभ घर में कोई मंगल कार्य हो सकता है, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की स्थिति लाभप्रद रहेगी।

मीन कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियाँ बढ़ेंगी, आमदनी के नये स्रोत तैयार होंगे, चल-अचल सम्पत्ति के लाभ के साथ ही आपकी श्रीवृद्धि होगी।

गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार बन गया है शिष्टाचार : सुदेश

सरकार की प्राथमिकता काम करना नहीं, कमाई करना है

बड़कागांव के समाजसेवी और युवाओं ने थामा आजसू का दामन

आजाद सिपाही संवददाता

रांची। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता काम नहीं, कमाई है। सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग और अवैध ट्रांसपोर्टिंग के उद्योग चल रहे हैं। भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। जनसेवा की शपथ लेने वाली सरकार के मुखिया जनता के बारे में सोचने के स्थान पर सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं। इससे झारखंडी जनमानस के बीच हताशा और निराशा है। सुदेश कुमार महतो

शनिवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान समाजसेवी रामचंद्र साहू के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कई युवाओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को छलने का काम किया है। उनकी वादाखिलाफी के चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में है। आज राज्य के सभी वर्ग के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं।

पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विकास की असीमित संभावनाओं वाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को विकास से कोसों दूर कर दिया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ है। विस्थापन का दंश झेल रहे बड़कागांव के लोग आजसू की ओर उम्मीद भारी निगाहों से देख रहे हैं। हम सभी मिलकर जनाकांक्षाओं के अनुरूप विकसित बड़कागांव बनाने का काम करेंगे।

इन्होंने ली सदस्यता

रामचंद्र साहू के नेतृत्व में मनोज साव, सोनू साव, विनोद साव, मोहन साव, शिव साव, शंकर साव, सूरज कुमार साव, दिलचंद साव, ईश्वरी साव, कमलनाथ साव, नरेंद्र लाल साव समेत अन्य ने पार्टी की सदस्यता ली।

सीएम से मिलेगा सचिवालय सेवा का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में कई निर्णय लिये गये। अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि संघ के आंदोलन के बावजूद कार्मिक विभाग और सरकार में बैठे वरीय पदाधिकारियों के नकारात्मक रवैये को देखते हुए मुख्यमंत्री से संवाद करने का

निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपने पिछले कार्यकाल में ही सचिवालय सेवा के उप सचिव और संयुक्त सचिव के पद सृजन की संचिका पर अनुमोदन दिया गया है, परंतु अब तक अंतिम आदेश निर्गत नहीं हो पाया है। ऐसे में कैबिनेट विस्तार के बाद मुख्यमंत्री से शीघ्र मुलाकात कर मामले को संज्ञान में लाया जायेगा।

भारत प्राचीन काल से विश्व गुरु रहा है: अनिल सहस्त्रबुद्धे

श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया गया याद

आजाद सिपाही संवददाता

रांची। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती पर शनिवार को डीएसपीएमयू में समारोह सह विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय था-भारतीय ज्ञान परंपरा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद के अध्यक्ष प्रो अनिल डी सहस्त्रबुद्धे, डिप्टी एकाउंटेंट जेनरल अजय कुमार और झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू मौजूद थे।

कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को प्रासंगिक बताया। कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को देखते हुए इस विश्वविद्यालय का नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रखा जाना, गौरवान्वित करता है।

मुख्य अतिथि अनिल डी सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि आज हम जिस ज्ञान की बात करते हैं, वह हमारी विरासत है। भारत प्राचीनकाल में विश्व गुरु था। विज्ञान की शुरुआत का श्रेय भारत को जाता है। प्राचीन भारत में ही विश्व के श्रेष्ठ विश्वविद्यालय मौजूद थे। कुलपति टीएन साहू और इंडियन ऑडिट एंड एकाउंट सर्विसेज के डिप्टी एकाउंटेंट जेनरल अजय कुमार ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व से सीख लेने की बात कही। डॉ एसएम अब्बास, डॉ नमिता सिंह, शुचि संतोष बरवार, डॉ एसएम अब्बास, डॉ नमिता सिंह, डॉ अनिल ठाकुर, डॉ रश्मि, प्रो राजेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

खेल के क्षेत्र में युवाओं के सपनों को उड़ान लगा रहा सीसीएल

सीसीएल ने बढ़ाया हाथ, तो विकास ने रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवददाता

रांची। जो तूफानों में पलते जा रहे हैं, वही दुनिया बदलते जा रहे हैं...उपरोक्त पंक्तियां संघर्ष से सफलता को रेखांकित कर रही हैं। सुखमनी तिर्की की कहानी इन शब्दों को चरितार्थ कर रही है। चिलचिलाती धूप मे करंजटोली, बेड़ो की रहनेवाली सुखमनी तिर्की, जब मोरहाबादी में हॉकी स्टेडियम के स्टैंड पर सफाई कर रही थी, तो आंखों में थकान और लाचारी साफ दिख रही थी। बच्चों के भविष्य की चिंता परेशान करती थी। कम उम्र में ही पति विष्णु कच्छप की मृत्यु के बाद चारों बच्चों के भरण-पोषण का भार सुखमनी ने उठाया। सुखमनी ने हॉकी स्टेडियम में दिहाड़ी मजदूर के रूप मे काम करना शुरू किया। थोड़ी सी आय से मुश्किल से परिवार का गुजारा हो रहा था। इस मेहनत और संघर्ष के बीच सुखमनी ने सपना संजोया कि बच्चों को मजदूर नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी बनाना है। इस सपने को पूरा करने में उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थिति सामने आ रही थी। एक दिन सुखमनी के निराशा के अंधेरे के बीच आशा की एक किरण चमकी। सीसीएल और झारखंड सरकार की पहल ने उन्हें संघर्ष से बाहर निकलने का रास्ता दिखा दिया। उन्हें पता लगा कि जेएसएसपीएस में चयन ट्रायल के माध्यम से होगा। उन्होंने विकास और अंकित को ट्रायल के लिए प्रेरित करना शुरू कर दिया। दोनों लड़कों का जेएसएसपीएस के लिए चयन हो गया। कुश्ती के गलियारों में विकास की सफलता की खबर आयी। विकास ने जॉर्डन के ओमान में चल रही प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। सुखमनी अपने बेटे की सफलता का श्रेय सीसीएल परिवार को देती है। निःशुल्क पढ़ाई से लेकर पोषणयुक्त खाना और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण से लेकर विकास के सर्वांगीण विकास का प्रबंध जेएसएसपीएस ने किया। विकास के कुश्ती प्रशिक्षक बबलू कुमार, मधु तिर्की और राजीव रंजन ने विकास की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखंड विधान सभा का षोडश (विशेष) सत्र दिनांक 08 जुलाई, 2024 (सोमवार) को आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

ह0/-
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखंड विधान सभा, रांची

ज्ञाप संख्या :- जनसम्पर्क - 03/2024 - 1677 वि0स0, राँची
दिनांक : 06/07/2024

जेल में कैदी की मौत पर हाइकोर्ट ने लिया संज्ञान

टीम ने किया केंद्रीय कारा का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवददाता

रांची। होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव की आत्महत्या पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया है कि वह तत्काल टीम गठित कर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण करें और मृतक के परिजनों को उचित विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश के बाद झालसा के उप सचिव अभिषेक कुमार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सचिव कमलेश बेहरा खुद निरीक्षण करने जेल पहुंचे। उन्होंने स्पॉट निरीक्षण किया। बता दें कि विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव जेल में शुक्रवार को बाथरूम में गमछे के सहारे फांसी लगा ली थी।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in
04

बरकट्ठा विधानसभा से भाजपा के टिकट के कई दावेदार, कोई दिल्ली तो कोई रांची लगा रहा दौड़

दीपक सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा विधानसभा में भाजपा के टिकट के कई दावेदारो के नाम अब सामने आने लगे हैं। टिकट के जुगाड़ में संभावित उम्मीदवार अब रांची से लेकर दिल्ली तक की दौड़ लगाना शुरू कर दिये हैं और जनता की अदालत में जाने के लिए बेताब हैं। पिछले दो विधानसभा चुनाव में भाजपा को यहां हार मिली है। 2014 के विधानसभा में जेवीएम के उम्मीदवार जानकी प्रसाद यादव ने भाजपा उम्मीदवार अमित कुमार यादव को हराया था, वहीं 2019 के चुनाव में निर्दलीय अमित कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी रहे जानकी प्रसाद यादव को शिकस्त दी थी। 2019 विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अमित कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को 24 हजार से अधिक मत से हराया था। अमित कुमार यादव को 72070 मत मिले थे, वहीं जानकी प्रसाद यादव को 47628 मत मिले थे। इस सीट पर जेवीएम प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता 33343 मत लाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मगर 2024 के होने वाले विधानसभा चुनाव में सब कुछ उल्टा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी अब झामुमो में चले गए हैं। जेवीएम का भाजपा में विलय हो गया है इसलिए जेवीएम उम्मीदवार भी भाजपा में टिकट के लिए ताल ठोक रहें हैं। वहीं निर्दलीय विधायक की भी भाजपा से रही नजदीकियां उन्हें भाजपा के संभावित उम्मीदवार के लिस्ट में शामिल कर रहा है।

दावेदारों की लिस्ट में पहला नाम वर्तमान में निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव का आता है। 2009 में पिता स्व चितरंजन यादव की मृत्यु के बाद भाजपा ने इन्हे उम्मीदवार बनाया था। जिसमें श्री यादव ने जीत दर्ज की और विधानसभा पहुंचे। मगर 2014 के विधानसभा चुनाव में जेवीएम प्रत्याशी जानकी यादव से हार गए। 2019 में भाजपा का टिकट नहीं मिलने के कारण निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे और जीत दर्ज की। इनके पिता स्व चितरंजन यादव भी बरकट्ठा विधानसभा से प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें बरकट्ठा विधानसभा का संयोजक बनाया था।

बटेश्वर प्रसाद मेहता भी बरकट्ठा से भाजपा के टिकट की रेस में शामिल हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में जेवीएम से चुनाव लड़े और तीसरे स्थान पर रहे। उन्हे 33343 मत प्राप्त हुए। इससे पूर्व 2014 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू के टिकट पर चुनाव लड़े थे। बटेश्वर मेहता वर्तमान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य है और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नजदीकी माने जाते हैं। इनके पिता रामेश्वर महतो स्वतंत्रता सेनानी थे। बटेश्वर मेहता भी आम जनता के सुख दुख में रहने के साथ गरीब और जरूरतमंद की आवाज बनते हैं और लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं।

कुमकुम देवी बरकट्ठा की जिला परिषद सदस्य है। वे लगातार दो बार से जीप सदस्य बनी और क्षेत्र में लोकप्रिय भी हैं। कुमकुम बरकट्ठा विधानसभा से दो बार विधायक रहे खगेंद्र प्रसाद की बहु हैं। साथ ही भाजपा में महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता के साथ अन्य पदों पर भी विराजमान है। क्षेत्र की जनता के लिए 24*7 एक्टिव रहती है और इस बार चुनाव लडने का मन बना चुकी हैं।

सुनील मेहता उर्फ शिव प्रसाद मेहता भी भाजपा के टिकट के दावेदार है। इनके पिता स्व बीरबल मेहता जेवीएम में बड़े नेता रहे हैं। पूर्व में बाबूलाल मरांडी के नजदीकी रहे बीरबल मेहता ने एक आंदोलन में अपनी प्राण गवा दी थी। सुनील मेहता पिता की मृत्यु के बाद सक्रिय राजनीति में आए और जेवीएम के बाद भाजपा में शामिल हो गए। सुनील मेहता उर्फ शिव प्रसाद मेहता हजारीबाग भाजपा जिला उपाध्यक्ष के साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि भी हैं। ये भी टिकट के एक मजबूत दावेदार हैं।

भाजपा किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मोदी भी बरकट्ठा विधानसभा से टिकट के दावेदार में शामिल हैं। श्री मोदी 1990 से संघ में जुड़कर कार्य किया है। अभी प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष हैं। जनता के सुख-दुख में बढ़ चढ़ कर भागीदार बनते हैं।

ऐसे आने वाले दिन में भाजपा से टिकट के दावेदारों की संख्या अगर बढ़ती है तो इसमें कोई बड़ी बात नही है।

बड़कागांव की 23 पंचायत में जल्द से जल्द बूथ कमेटी बनानी है : संजय सिंह

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड स्तरीय बैठक पश्चिमी पंचायत भवन में की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह और संचालन प्रखंड सचिव सरोज मेहता ने किया। संजय सिंह ने कहा बड़कागांव प्रखंड में जितने भी बूथ हैं सभी बहुत कमेटी को बनाना है और 23 पंचायत में बूथ स्तरीय पंचायत सम्मेलन भी करना है सरकार द्वारा जितने भी कल्याणकारी योजना चलायी जा रहे हैं ।उस योजना का आदिवासी मूल निवासी गरीब जनता सीधे तौर पर लाभ ले रहे हैं। मौके पर उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, प्रखड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां, राम, विशेश्वर राम, शंकर साव, हरिलाल मांझी, फलेंद्रर गंझु, चिंतामनी गंझु, राजेश हसदा, सुरेश यादव, रामसागर महतो, प्रभू भुईयां बाबूलाल सोरेन, भुनेश्वर महतो, नरेश साव, असीर अहमद इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हैं।

अवैध अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पर छापेमारी

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखण्ड मुख्यालय से सटे केरेडारी – टंडवा मुख्य पथ पर भारत पेट्रोलियम के समीप एक अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में शनिवार को औचक छापेमारी केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन कुमार बर्णवाल के नेतृत्व में किया गया। छापेमारी के दौरान क्लिनिक संचालक से जरूरी कागजात की मांग की गई,इस पर संचालक प्रकाश कुमार के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के उपरांत अंचल अधिकारी ने केरेडारी में अवैध अल्ट्रासाउंड क्लीनिक चलने की जानकारी सीएस हजारीबाग को दी गयी। जिसपर जिले में गठित पीसीपीएनडीटी जांच टीम को केरेडारी भेजा गया,जहां टीम ने क्लीनिक में अल्ट्रासाउंड मशीन, लैपटॉप, प्रिंटर मशीन और अन्य जरूरी उपकरण की जांच की गई जहां कई चौंकाने वाला मामला का खुलासा किया गयो जांच टीम में शामिल कार्यपालक दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू के मौजूदगी में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में उपयोग की जाने वाली अल्ट्रासाउंड मशीन,प्रिंटर,लैपटॉप और अन्य जरूरी उपकरण को विधिवत जब्ती सूची बनाकर क्लीनिक को सील कर दिया गया। वही संचालक प्रकाश कुमार को जांच टीम अपने साथ हजारीबाग ले गयी। इस क्लीनिक को केरेडारी सीएचसी में कार्यरत एक नर्स के पति चला रहे थे। जांच दल का नेतृत्व कर रहे कार्यपालक दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मौके पर अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल, डॉ राहुल कुमार,डा जूही चावला, मो शाहनवाज, नंदलाल प्रसाद समेत कई अन्य शामिल थे।

भाजपा नेता ने किया ट्रांसफर्मर का उद्घाटन

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुठान गांव में 100 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता व बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार के शनिवार को फीता काट कर किया गयो पिछले कई दिनों से यहाँ ट्रांसफर्मर खराब पड़ा था जिससे आस पास के घरों में विद्युत आपूर्ति ठप थी व लोग अँधेरे में रह रहे थे। ग्रामीणों ने इसकी सुचना वरिष्ठ भाजपा नेता बालेश्वर कुमार को दिया तब इन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को अवगत करायो सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से विद्युत विभाग के द्वारा ग्रामीणों को 100केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है व ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर बसन्त यादव, दुखी महतो,उपमुखिया जागेश्वर महतो,रामचंद्र महतो,मनोज कुमार, ईश्वर दयाल, नागेश्वर महतो सहित महिला पुरुष मौजूद थे।

डीएवी में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में एलकेजी से दूसरी कक्षा के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। प्राचार्य और अभिभावकों ने डीएवी वैदिक परंपरानुसार हवन कर वातावरण और अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास की कामना की। प्राचार्य ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तहत न्यू एजुकेशन पॉलिसी में आने वाले मुख्य बिंदुओं से अभिभावकों को अवगत कराया। बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा उनके सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें इस काबिल बनाएं कि उनके अंदर की छिपी हुई प्रतिभा स्वतः बाहर निकल सके। उनके बस्ते का बोझ कम करें एवं उनके साथ सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। आप अपने बच्चों का अच्छा दोस्त बनें। उनकी भावनाओं को समझें एवं उनकी असफलता पर उन्हें दोषी ठहराने के बजाय उनकी कमजोरियों को दूर करने में साथ दें। कार्यक्रम का संचालन संध्या कुमारी ने किया अंत में कार्यक्रम का समापन विद्यालय की सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ। वहीं तीसरी से 12वीं कक्षा के बच्चों के बीच शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित हुई। इस संगोष्ठी में अभिभावकों ने शिक्षकों के समक्ष अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य प्रकार की समस्याओं को रखा। अनुरोध किया कि आप अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई के प्रति प्रोत्साहित करें। आप अपने घरों में ज्यादा से ज्यादा समय बच्चों के साथ बिताएं। उनकी दिनचर्या पर अवश्य ध्यान दें। उन्हें जहां तक हो सके मोबाइल से दूर रखें।

हीरोडीह दुर्गा मंदिर से भव्य रथ यात्रा का आयोजन 9 जुलाई को

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत कन्द्रपडीह में 9 जुलाई को इस वर्ष भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रथ यात्रा हिरोडीह दुर्गा मंदिर से कन्द्रपडी पंचायत भवन तक निकाला जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव होंगे। इस आशय की जानकारी भाजपा मिडिया प्रभारी दीपक वर्णवाल ने दिया।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल दो भाइयों की मौत

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग पर राजारायडीह मोड़ के समीप शुक्रवार की शाम दो मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल तीनों व्यक्तियों में दो व्यक्तियों की मौत रांची रिम्स ले जाने के क्रम में हो गयी। जानकारी हो कि मरकच्चो केतुरुसिंघा निवासी टूकलाल महतो, शंकर महतो दोनो भाई नावाडीह बाजार से सामान खरीद कर अपना घर वापस आ रहे थे एवं गुड्डू सिंह पिता कपिल देव सिंह ग्राम बोदगो प्रखंड बिरनी जिला गिरिडीह निवासी मरकच्चो की ओर से बरियारडीह की ओर जा रहे थे। इसी बीच राजारायडीह मोड पर टक्कर हो गयी जिसमें टूकलाल महतो और शंकर महतो व गुड्डू सिंह तीनो धायल हो कर बेहोश हो गये। मरकच्चो के ए एस आई बलराम कुमार ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच तीनों घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो पहुंचाया। प्राथमिक उपचार कर तीनो को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। सदर अस्पाल कोडरमा से धायल टूकलाल महतो व शंकर महतो को रांची रेफर कर दिया रांची जाने के क्रम में दोनो की मौत रास्ते में हो गयी। वही धायल गुड्डू सिंह का इलाज चल रहा है। शनिवार को दोनो मृतक का सदर अस्पताल कोडरमा में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

गिट्टी लदा हाइवा अनियंत्रित होकर पलटा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा घाटी में विति देर रात अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसार हाईवे में डोमचांच से गिट्टी लोड करके बिहार की तरफ जा रहा था, जो कोडरमा घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक बाल बाल बच गया। गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया है।

भाजपा ने विजय संकल्प सभा के माध्यम से मनीष जायसवाल और कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

विधानसभा चुनाव में झारखंड फतह की करें तैयारी : बाबूलाल

हेमंत सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकने के लिए कस लें कमरः दीपक प्रकाश

झारखंड को बंगाल बनने से रोकना है तो भाजपा को लाना होगा : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग द्वारा बीजेपी झारखंड प्रदेश का सांगठिक कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर निर्वाचित सांसद सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह-सह-विजय संकल्प सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया। सम्मान समारोह-सह-विजय संकल्प सभा में बतौर अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव सहित अन्य उपस्थित हुए और संयुक्त रूप से पार्टी के आदर्श श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर समारोह की विधिवत शुरुआत की।

समारोह के शुरूआती सत्र में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का बारी-बारी से भाजपा जिला समिति, हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड समिति और बूथ स्तर से पंहुचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा पट्टा पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया।

मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी अथक मेहनत, परिश्रम और संघर्षों के बदौलत ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ से लेकर जनता के सवालों का जवाब आप देते हैं और चुनाव में आपकी सबसे अहम भूमिका होती है। जिसे ध्यान में रखकर पार्टी ने यह निर्णय लिया कि कार्यकर्ताओं का भी सम्मान विधानसभा स्तर पर भाजपा करेगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने हजारीबाग लोक सभा से मनीष जायसवाल को संसद बनाकर तो भेजा ही देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार बनाने में महती भूमिका निभाई। समारोह में मंच संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता केपी ओझा ने और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू ने किया। मौके पर उमेश मेहता, अनिल मिश्रा ,टुन्नू गोप, बटेश्वर मेहता, हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी,भैया अभिमन्यु प्रसाद, अशोक यादव,उदयभान नारायण सिंह, चंद्रनाथ भाई पटेल, सुमन कुमार पप्पू, राजेश गुप्ता, सुनील मेहता, आनंद देव, प्रदीप प्रसाद, जय नारायण प्रसाद, मूलचंद साव, कुंवर मनोज सिंह, दिनेश सिंह राठौड़, प्रदीप प्रसाद, लीलावती देवी, अरविंद सिकरवार, राजकरण पांडेय, मणिकांत सिंह, विक्रमादित्य, रंजन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

किसानों ने धान की बकाया राशि के भुगतान को लेकर डीसी को दिया आवेदन

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ के किसानों ने तीन वर्ष पूर्व चेडरा पैक्स में बेचे गये धान का बकाया भुगतान कराने को लेकर हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में किसानों ने कहा है कि वर्ष 2020/21 में चेडरा पैक्स में धान जमा दिये थे।दो हजार पचास रुपये प्रति किंटल की दर से धान जमा दिए है। हम सब किसानों को समर्थन मूल्य के कीमत का 50% हि खाते में डीवीटी के माध्यम से आया है। उपायुक्त से गुहार लगाते हुए कहा है कि हम सभी किसान चेडरा पैक्स अध्यक्ष के पास कई बार भुगतान को लेकर चक्कर लगा चुके हैं। महंगाई के इस दौर में किसी तरह से खाद बीज मजदूरी डीजल लगा कर धान की उपज करते हैं,किसानों ने बकाया राशि की भुगतान कराने की अपील की है।उपायुक्त को दिए गए आवेदन में राजेश्वर महतो, उपेंद्र कुमार राय, कपिल देव चौधरी, नंदकिशोर महतो आदि के हस्ताक्षर है।

बड़कागांव में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को कराया गया छप्पन भोग

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव के राम जानकी मंदिर परिसर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को छप्पन भोग कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की गई. समिति के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता के नेतृत्व में पुजारी चिंतामणि महतो द्वारा आरती उतारा गया व छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। 7 जुलाई को अहले सुबह भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की दर्शन करने के लिए भक्तों के कपाट खोल दिया जायेगा। 3:00 रथ यात्रा प्रारंभ की जायेगी।धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा से लेकर 15 दिनों तक भगवान अस्वस्थ रहते हैं। इस कारण मंदिर का कपाट बंद रहता है। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को उनके स्वस्थ हो जाने के उपलक्ष्य में छप्पन प्रकार के व्यंजनों से उनका भोग लगाया जाता है।भोग लगाने के दौरान समिति के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष दर्शन प्रसाद कुशवाहा, संयोजक जय हिंद महतो, प्रवक्ता बंधन महतो, पुजारी अरविंद कुमार, कीर्तन महतो,प्रेम कुमार, रविंद्र लाल, हरिनाथ राम, प्रीतम महतो, चेतलाल महतो, बंधन महतो, चंदन जायसवाल, मदन महतो, अंतू महतो, कैलाश महतो, आनंद कुमार महतो, गायत्री देवी समेत समिति के सदस्य गण और भक्तगण मौजूद थे।

दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। जिसका अवलोकन उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त उपायुक्त महोदया ने आकोर्सा गांव स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और उक्त आंगनबाड़ी में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित एएनएम को बच्चों का टीकाकरण, वजन नापी, गर्भवती महिलाओं का एएनसी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

इचाक मोड़ और इचाक बाजार मुख्य सड़क के किनारे से हटेगा अतिक्रमण

इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक बाजार और इचाक मोड़ मुख्य मार्ग के किनारे अस्थाई दुकान लगाने और अन्य प्रकार से अतिक्रमण करने वालों पर प्रखंड प्रशासन का चाबुक चलेगा। इचाक सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने पत्र जारी कर कहा की इचाक बाजार एवं इचाक मोड़ में सड़क किनारे अतिक्रमण से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क अवरूद्ध हो जाता है, जिससे आम जनों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इचाक सीओ ने सभी आम एवं खास से जो ईचाक बाजार एवं ईचाक मोड़ मुख्य मार्ग के किनारे अस्थाई दुकान लगाकर एवं अन्य प्रकार से अतिक्रमण किये है उन्हें 10 जुलाई तक निश्चित रूप से अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को कहा है। साथ ही कहा है की अगर निर्धारित तिथि तक अतिक्रमण नही हटाया गया तो प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सु-संगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा । भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कि 123 वी जयंती केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास चाराड़ीह में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। अन्नपूर्णा जी ने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ। भारतीय राजनीति और प्रारंभिक जीवन शिक्षा क्षेत्र कोलकाता से प्रारम्भ किया । शिक्षा कोलकाता यूनिवर्सिटी से किया इसके बाद इंग्लैंड में बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की उसके बाद राजनीति क्षेत्र में सबसे पहले बंगाल विधान परिषद से राष्ट्रीय कांग्रेस से विधायक बन बंगाल के वित्त मंत्री बने। देश आजादी के बाद नेहरू जी के मंत्रिमंडल में भारी उद्योग मंत्री बने लेकिन नेहरू जी की नीतियों विरोध किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, जूही दास गुप्ता, शिवलाल सिंह ,राजेश सिंह, जयप्रकाश राम, जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, बालमुकुंद सिंह, सुभाष मोदी, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरज मेहता, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान, बिहार प्रदेश के प्रवक्ता डॉ रामसागर सिंह, सत्यनारायण यादव, पंकज मोदी, कोडरमा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाल, रामदेव मोदी, महेश वर्मा, सुरेंद्र यादव,महेंद्र वर्मा, मनोहर मोदी,वसीम खान, नीरज कर्ण, नवीन चौधरी, सुधीर सेठ, पप्पु पाण्डेय, हरि पंडित, विनय शाण्डिलय, अशोक मेहता, राजकिशोर प्रसाद, विनोद सिन्हा, विजय राम, प्रभाकर लाल रावत, भरत नारायण मेहता, रविन्द्र यादव, पारिजात सिंह, पवन सिंह, अर्जुन यादव, रामचंद्र राम,वीरेंद्र कराटे, सुदर्शन यादव, राजकुमार पंडित, वासुदेव यादव,सविता देवी,रीता लोहानी, सुनीति सेठ, संगीता सिन्हा, मीना साव,मनोज मेहता, टिंकू यादव, सुनील मेहता, दीपक राणा, रवि राम, मुकेश यादव, सच्चिदानंद शर्मा, प्रदीप यादव, महादेव दास, रंजीत सिंह, मनोज चौधरी,भगत जी,पुखराज राणा, शक्ति सिंह, कुलदीप राम, नारायण विश्वकर्मा,आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

हजारीबाग एसपी उतरे सड़क पर, लोगों को पढ़ाया ट्रैफिक नियम का पाठ

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एसपी अरविंद कुमार सिंह शनिवार दोपहर खुद हजारीबाग की सड़कों पर उतर लोगों को ट्रैफिक नियम का पाठ पढ़ाया। डिस्ट्रिक मोड़ चौराहे पर खड़े होकर आने जाने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालकों को ट्रैफिक नियम का पालन करने हुए हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने को कहा। एसपी ने कहा की मैं यही देखने आया था की लोग ट्रैफिक नियम के प्रति कितने सजग हुए हैं। 85 प्रतिशत लोग हेलमेट और सिटबैल्ट नियम का पालन कर रहे हैं, मगर अभी भी बहुत लोग हेलमेट और सिटबेक्ट नही लगा रहे। लोगों में जागरूकता की कमी है। मैं सबों से आग्रह करता हूं की सभी दोपहिया चलाने और साथ बैठने वाले हेलमेट लगाए। साथ गाड़ी के कागजात, लाइसेंस आदि भी साथ रखे। इसके अलावा चारपहिया वाहन चलाने वाले सिटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। अपनी सुरक्षा सबसे जरूरी है, पुलिस के डर से नही बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियम का पालन करें। इससे पहले पुलिस प्रशासन ने लोगों को इसके प्रति जागरूक किया है। फिर भी अगर लोग नही सुधरते तो फाइन कटेगा। साथ ही एसपी ने कहा की पेट्रोल पंप वाले को भी कहा गया है की जो हेलमेट पहने न हो उसे पेट्रोल न दे। नाबालिक द्वारा बाइक चलाने पर कहा की पकड़े जाने पर फाइन वसूला जाएगा। पहले से ट्रैफिक में काफी सुधार हुई है। आगे बताया की यह करवाई निरंतर जारी रहेगी। मौके पर मुख्यालय डीएसपी श्री नीरज, सीसीआर डीएसपी मनोज सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम, राज्य में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ बोला हमला

झारखंड अलग राज्य का विरोध करने वाली कांग्रेस आरजेडी सत्ता में कुंडली मार कर बैठी हैं : आजसू

दाखिल-खारिज के लिए अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आजसू पार्टी रामगढ़ प्रखंड, छावनी परिषद, रामगढ़ सदर कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी और संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। हल्ला बोल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि विधायक सुनिता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए। हल्ला बोल कार्यक्रम आजसू पार्टी के जिला कार्यालय से आरंभ होकर सुभाष चौक, बिजुलिया होते हुए जुलूस रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंची। अंचल कार्यालय पहुंचकर पार्टी नेताओं ने हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित किया।

राज्य सरकार सिर्फ लूटने में मस्त, जनता भ्रष्टाचार से त्रस्तः चंद्रप्रकाश

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ लूटने में मस्त है, जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है। पूरे प्रदेश भर में भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी कर रखी है। हर क्षेत्र में इस सरकार के और सरकार के शासन प्रशासन में भ्रष्टाचारी कूट कूट के भरी हुई है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है, जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं। कहा कि सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति नही रहती है। जिससे दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों का काम समय पर नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, पेंशनधारियों का पेंशन निर्बाध रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा, राशन कार्ड एक्स धारियों को समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, राशन की कटौती की जा रही है, सैंकड़ों चापानल खराब पड़े हैं। ऐसी सैंकड़ों जनहित के मुद्दे पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। जिसके आलोक में पार्टी के द्वारा राज्य स्तरीय हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। युवा रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। राज्य में बढ़ रही अव्यवस्था अगर सुधार नहीं हुई तो इसके खिलाफ आजसू पार्टी निर्णायक आंदोलन को तैयार है।

राज्य के युवाओं और विस्थापितों के साथ राज्य सरकार ने किया छल : सुनीता

विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि ये जेएमएम की सरकार जो कहती है कि हम आदिवासियों मूलवासियों की पार्टी है। वहीं हेमंत सोरेन जो लूट खसोट भ्रष्टाचारी के चलते 5 महीना जेल की सलाखों के पीछे चले गये। जब बेल पर रिहा हुए तो हेमंत सोरेन ने सबसे अनुभवी नेता मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को गद्दी से हटाने का काम किया, ताकि वो सत्ता का सुख भोग सके। राज्य में भूख बेरोजगारी तंगहाली बढ़ी है। राज्य के युवाओं, विस्थापितों के साथ राज्य सरकार ने छल किया है। प्रदेश में विधि व्यवस्था चरमराई हुई है। अपराध का ग्राफ चरम सीमा तक बढ़ा है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है।

सभी प्रखंड मुख्यालयों में जन समस्या निवारण शिविर लगायें : जिला अध्यक्ष

मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि सभी पदाधिकारी और पार्टी के नेताओं से आग्रह किया कि मुख्यालय दिवस के दिन सभी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सभी प्रखंड कमेटी प्रखंड मुख्यालय में जन समस्या निवारण शिविर लगायेंगे और जनता से प्राप्त आवेदन या उनकी समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी से मिलकर निष्पादित करवायेंगे।

राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा 17 मांग पत्र

राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को 17 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें, दाखिल-खारिज के लिए अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाये। पंजी-2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित और आवश्यक कार्रवाई करने, वर्तमान में अबुआ आवास के लिए चयन में पारदर्शिता लायी जाये तथा जरूरतमंद और निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिल सके, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप और अन्य योजनाओं का कियान्वयन और भुगतान यथाशीघ्र किया जाये, ताकि वर्षा से पहले कार्य को पूर्ण किया जा सके, छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति के लिए जाति, सभी राशन कार्ड धारियों को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा राशन में कटौती बन्द किए जाने, खराब पड़े सभी चापाकलों को जल्द से जल्द ठीक किए जाने सहित 17 मांगे शामिल है। मौके पर केंद्रीय महासचिव विजय साहू, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, जिला परिषद सदस्य तपेश्वर महतो, गोपाल चौधरी, गोबिंद मुंडा, कपिल देव मुंडा, ब्रह्मदेव महतो, अमृत लाल मुंडा, मनोज महतो, हेमलाल महतो, मदन महतो, युगेश बेदिया, इंतखाब आलम, केंद्रीय सदस्य रीना साह, धर्मेंद्र साव भोपाली, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, संजय, कुलदीप सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2018/ट्रैक–I(पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल्.I दिनांक : 05.07.2024
शुद्धिपत्र सं. 6
विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.
इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
इसके अलावा, निविदा समापन तिथि और ई–बोली खोलने की तिथि बदलकर 30.07.2024 कर दी गई है।
(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं. 256–डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेल: alokkumar.g@gov.in
2050/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

श्री राम सेना के सदस्यों ने चैंपियंस को किया सम्मानित

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अरगड्डा सिरका के दुर्गा मंदिर परिसर में 30 जून को पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। चैंपियनशिप में जिले के सभी जिम के जिम करने वाले प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमे रामगढ़ कैंट के डंबल्स जिम की अंजलि कुमारी ने जूनियर कैटेगरी, पूजा कुमारी ने जूनियर कैटेगरी और ललिता चौरसिया ने सीनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। गोल्ड मेडल जीतने के बाद श्री राम स्थोना रामगढ़ के सदस्यों ने जिम पहुंचकर उन्हें बधाई दिया। कौच गौतम कुमार ने कहा कि ये हमारे जिम के साथ-साथ पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। ये पहला मौका है जब रामगढ़ जिले के 3 बेटियां अपनी ताकत राज्य स्तर पर दिखायेंगी। श्री गौतम ने कहा कि 24 जुलाई को गिरिडीह में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। बधाई देने वालो में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह संरक्षक अनमोल सिंह, श्री राम सेना के अध्यक्ष विशाल जायसवाल, संगठन के संरक्षक भगवान प्रसाद, सौरव जायसवाल, धीरज परासर, सुमित अग्रवाल, संगठन मंत्री विशाल विश्वकर्मा, अंशु शामिल थे।

संस्कार पब्लिक स्कूल में मना वन महोत्सव

कुजू (आजाद सिपाही)। संस्कार पब्लिक स्कूल, बोंगावार मोड़ में वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मैनेजमेंट हेड डॉ अशोक कुमार और ऑर्गेनाइजिंग हेड अयोध्या वर्मा की अगुवाई में वर्ग एक से लेकर 6वीं के बच्चों ने ऑक्सीजन दायनी पीपल दर्जनों पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार और अयोध्या वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार का संकल्प है कि क्षेत्र में 11 सौ पीपल का पौधा लगाना है। मौके पर डायरेक्टर अमित कुमार वर्मा ने बताया कि पीपल वृक्ष सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देती है। इसलिए इसे जिंदगी का अहम हिस्सा माना गया है। प्रिंसिपल अंजली ने बताया कि पीपल का वृक्ष 24 घंटे में 22 घंटे ऑक्सीजन देने का कार्य करता है और इससे हमारे वातावरण को बहुत फायदा पहुंचता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संकल्प दिलाते हुए अपने अभिभावको के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राहुल, आरती, रानी, गंगा, खुशी, पूजा, संगीता, माला का सराहनीय योगदान रहा।

किसी भी सूरत में क्लिनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

अवैध नर्सिंग होम संचालक व बिना डिग्रीधारक चिकित्सकों के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन, दर्ज हुई प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। ज़िले में क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट की अवहेलना कर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन तथा बिना डिग्री के झोला छाप डॉक्टरों द्वारा प्रसव और अन्य प्रकार के आपरेशन करने की जानकारी मिलने के पश्चात उपायुक्त रमेश घोलप ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर वैसे फर्जी क्लिनिकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव के नेतृत्व में शुक्रवार को जिले के अवैध नर्सिंग होम संचालको के खिलाफ

और गैर डिग्री धारक चिकित्सकों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में बाईपास रोड से राज नर्सिंग होम के संचालक रंजीत कुमार और गैर डिग्री धारक चिकित्सक कुमार चंदन को हिरासत में लिया गया। छापेमारी दल ने दोनो को शहर के बाईपास इलाके से गिरफ्तार किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि लगातार जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालन से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रही थी। इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की कार्रवाई की गयी। जिसमें एक बिना डिग्रीधारक चिकित्सक और एक नर्सिंग होम संचालक की गिरफ्तारी की गयी है। जिसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिले के आमजनों और गर्भवती माताओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जायेगा। जिले में लगतार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट का अवहेलना करने वाले नर्सिंग होम संचालक और पीसी एण्ड पीएनडीटी का अवहेलना करने वाले अल्ट्रासाउंड संचालक के उपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

खेल से अनुशासन की भावना बढ़ती है: विजयंत

ए ला एंग्लाइज विद्यालय में अंतर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। ए ला एंग्लाइज विद्यालय द्वारा कुप मैदान में शनिवार को अंतर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया गया। टूर्नामेंट का उद्घाघटन जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी और प्राचार्य विजयंत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुखिया फूलमती देवी ने खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। खेलो से शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद में भी रूची रखनी चाहिए। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद लाभकारी होता है। इसलिए प्रत्येक वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। उन्होंने

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ कराते प्राचार्य और मुखिया।

कहा कि खेल-कूद से अनुशासन की भावना बढ़ती है। शारीरिक शिक्षक कंचन सोनी ने बताया कि कक्षा 12वीं के बच्चे इस टुर्नामेंट के आयोजक हैं। पहला फ्रेंडली मैच बुद्धा सदन बनाम वाल्मीकि सदन के टीम के बीच खेला गया। बुद्धा सदन की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वाल्मीकि सदन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में कुल 84 रन बनाएं। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी बुद्धा सदन की टीम ने 8 ओवर में ही 85 रन बनाकर मैच को पांच विकेट से जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए बुद्धा सदन के अविनाश कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का दूसरा मैच टैगोर बनाम नेताजी सदन के बीच खेला गया। जिसमें नेताजी सदन की टीम ने टॉस को जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। जिसमें टैगोर सदन की टीम ने 78 रनों से मैच जीत लिया। टैगोर सदन के फरहान को मैच के मैन ऑफ द मैच चुना गया। टुनार्मेंट को सफल बनाने में खेल शिक्षक कंचन सोनी, प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, अनुराग मद्धेशिया, गौरव साहू, विश्वक सेन, सूरजदेव सिंह, कृष्ण अंबष्ठ, सुनील कुमार साहू, मिथिलेश बेदिया, कंचन दास, रुचि सिंह, सीमा मुंडा, अंजली सिन्हा, प्रियंका पटेल, गीता आदि जुटे हैं।

पतरातू में संपूर्णता अभियान का हुआ आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के तहत पतरातू प्रखंड परिसर में संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी चंदन कुमार, प्रमुख कौशल्या देवी के द्वारा दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर डीसी ने अपने संबोधन में कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रशव के बाद पूर्ण रूप से देखभाल हो ,हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच होनी चाहिए ,हेल्थ कार्ड का वितरण सहित बच्चों को संपूर्ण टीकाकरण हो। इन सभी चीजों पर ध्यान देने को लेकर डीसी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को शपथ भी दिलावाया। कार्यक्रम में कृषि स्वास्थ्य सिंचाई आदि विभाग द्वारा लगाये गये स्टोलों को डीसी ने घूम घूम कर देखा। उसके बाद सीएससी भवन और नवनिर्मित कुपोषण उपचार केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी अमित भगत, सीडीपीओ अनुपम मिंज, राजेश एक्का, मुखिया गिरजेश कुमार, पानो देवी, किशोर कुमार महतो, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल शाहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

पुरानी रंजिश के कारण युवक को मारी गोली, खतरे से बाहर

उरीमारी (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल पोडा गेट के नीचे बिते शुक्रवार देर रात साढ़े नौ बजे के करीब के के पंचायत भवन के पास पहले से घात लगाकर बैठे सयाल मदरसा कालोनी निवासी शिव राज पिता बिहारी राम ने सयाल आजाद रोड़ से अपने घर लौट रहे के के पंचायत के पक्का धोडा निवासी ओमप्रकाश साव उम्र लगभग 34 वर्ष के उपर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चलायी गयी। गोली की आवाज से ओमप्रकाश भागने लगा, जिससे एक गोली उसके कमर में जा लगी। घायल ओमप्रकाश को लेकर रांची मेंदाता में भर्ती कराया। इधर भुरकुंडा पुलिस अपराधी शिव राज को पकड़ने के लिए लागातार छापामारी कर रही है। मिली जानकारी अनुसार जिस समय घटना हुई शिव राज के साथ दो लोग और थे। जो पुलिस के रडार से कोसों दूर है। मालूम हो कि यहां लोगों का कहना है कि शिव राज और ओमप्रकाश की लड़ाई पिछले एक साल से चल रही है। इसी रंजिश को लेकर बिते शुक्रवार की रात को ओमप्रकाश की रेकी की गयी। बताते चलें कि सयाल निवासी झामुमो नेता सह कोयला कारोबारी कृष्णा साव का साला है और उरीमारी के तीनों परियोजना में काम का देखरेख करता है। प्रतिदिन की तरह ओमप्रकाश साव उरीमारी से अपने घर की ओर जाने के लिए निकला था। दामोदर पुल पार करते ही कुछ लोग उसके पिछे रेकी कर रहे थे। जैसे ही वह पोडा गेट पंचायत भवन के समीप पहुंचा। वैसे ही तीन लोगों ने उसे घेर लिया। और पुरानी रंजिश को लेकर शिव राज और ओमप्रकाश के बिच झडप होने लगी। इसी क्रम में शिवराज ने हथियार निकाल कर ओमप्रकाश के उपर पिस्तौल तान दी। पिस्तौल देखकर ओमप्रकाश भागने लगा। तभी शिव राज ने पिछे से ताबड़तोड़ तीन राउंड गोलियां चलायी। जिसमें एक गोली ओमप्रकाश के कमर में जा लगी। ओमप्रकाश को गोली लगने से वह मुर्छित होकर जमीन पर गिर गया। जिसे अपराधियों ने मरा हुआ समझ कर वहां से भाग गये। इधर आस पास के लोगों ने गोली की आवाज सुनकर ओमप्रकाश के पास पहुंचे। उसके बाद ओमप्रकाश के परिजनों को फोन कर बुलाया गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गयी। वहीं पुलिस की मदद से परिजनों ने घायल ओमप्रकाश साव को आनन-फानन में इलाज के लिए रांची स्थित मेंदाता अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है और वह खतरे से बाहर हैं। समाचार लिखे जाने तक किसी भी अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पायी है।

मिशन ग्रीन रामगढ़ को लेकर बरसात में एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य : संतोष महतो

मिशन ग्रीन रामगढ़ की सफलता को लेकर मुहीम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। कोठार के बीएम चौधरी होटल परिसर से रामगढ़ ज़िले में एक लाख पेड़ लगाने और ज़िले को हरा भरा बनाने की मुहिम रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जेबीकेएसएस के सदस्य संतोष महतो ने शुरू किया। मिशन ग्रीन रामगढ़ के तहत रामगढ़, चितरपुर, दुलमी और गोला के तीस लोगों को टीम का सदस्य बनाया गया है। पेड़ वितरण की ज़िम्मेदारी दिया गया है। मुहिम के तहत वैसे लोग जो रामगढ़ से जुड़े हुए हैं और कहीं बाहर नौकरी अथवा व्यापार कर रहे हैं। उनको भी जोड़ा जा रहा है। ज़िले के वैसे उत्साही युवा जो पर्यावरण के प्रति जागरूक हैं और रामगढ़ को हरा भरा देखना चाहते हैं। मिशन ग्रीन रामगढ़ के इस अभियान से संतोष महतो ने क्षेत्र में सकारात्मक रचनात्मक और विकासात्मक राजनीति की मिसाल पेश की है। जहां अलग-अलग योजनाओं, भारत माला, सड़क चौड़ीकरण और उद्योग धंधे के नाम पर रामगढ़ को हर कोने से उजाड़ा जा रहा है। **अखबारों, मीडिया और सोशल मीडिया में पर्यावरण की चिंता दिखाने का होड़ :** संतोष महतो ने कहा कि आज व्यक्ति अखबारों, मीडिया और सोशल मीडिया में पर्यावरण की चिंता दिखाता है। लेकिन ज़िले में फैल रहे प्रदूषण, धूल, धुवें की ओर किसी का ध्यान नहीं है और ना ही इसके समाधान के लिए कोई प्रयास किया जाता है। उन्होंने मिशन ग्रीन रामगढ़ के नाम से फेसबुक पेज और वॉटसएप्प ग्रुप बनाया है और अपने टीम के साथ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। पेड़ पौधों के वितरण के लिए गोला, चितरपुर और रामगढ़ (कोठार) प्रखंड में पिक अप पॉइंट बनाएं गये हैं। जहां से लोगों को पौधारोपण के लिए पौधे मुहैया कराये जा रहे हैं। इस मुहिम के साथ लोगों को जोड़ने के लिए सक्षम लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वो पौधारोपण के लिए बढ़ चढ़ कर सहयोग करें। कार्यक्रम में संतोष महतो के टीम के मुनिनाथ महतो, शाहबाज अनवर गोल्डी, अब्दुल अहद अंसारी, प्रेम महतो, बिनय चंद्रवंशी, राजेंद्र महतो, शिव, कपिलदेव, धनेश्वर, सुनील फरहान, राजू आदि लोग उपस्थित थे।

पर्यावरण संतुलित बनाये रखने के लिए लगायें पौधे: पिंकी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में शनिवार को राधा गोविंद स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने स्कूल परिसर के चारों ओर दर्जनों फलदार और छायादार पौधे लगाएं। पौधरोपण के उपरांत स्कूली बच्चों के लिए मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल में कहा कि जीवन चक्र के लिए वृक्ष आवश्यक है। पौधरोपण से एक ओर पर्यावरण संतुलित होता है। वहीं, मानव मूल्यों की स्थापना के लिए भी इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षित करने के लिए हम सभी को आगे आने की जरूरत है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाए। साथ ही क्लब की सदस्यों में संकल्प लिया कि अपने आसपास के क्षेत्र में पांच पांच पेड़ लगायेंगे। कार्यक्रम के दौरान बारिश के मौसम को देखते हुए कई कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। इस अवसर पर सचिन नवलजीत कौर, नीरू साहनी, प्रियंका जैन, रंजू अरोड़ा, पिंकी गांधी, जसमीत कौर सोनी आदि शामिल थी।

आर्य बाल उच्च विद्यालय ने वन महोत्सव का किया समापन

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। आर्य बाल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना में वन महोत्सव का समापन समारोह आयोजित की गयी। समारोह में मुख्य रूप से प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष नेपाल यादव, उप कोषाध्यक्ष दुर्गा चरण पासवन,सह सचिव गीता देवी, उपाध्यक्ष रंजीत राम, सदस्य जूही सिंह, प्राचार्या आशा सिंह ने कार्यक्रम में अहम योगदान दिया। प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष नेपाल यादव ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक असंतुलन से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ रहा है, समय रहते हम सभी नहीं चेते तो आने वाले दिनों में संकट उत्पन्न हो सकता है। वर्तमान समय में बेहिसाब गर्मी,बेहिसाब ठंड यह सब दूषित हो रहे पर्यावरण का ही असर है। असमय मौसम परिवर्तन सब कुछ दूषित होते पर्यावरण का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के दिए उपहार के साथ छेड़छाड़ बंद कर हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधे जीवदायिनी हैं,इनके पोषण से प्राणवायु को बढ़ावा मिलता है। इससे पूर्व प्रबंधक समिति, शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चो ने हरे परिधान में विद्यालय परिसर के अंदर एवम बाहर पौधरोपण किया। समारोह के दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे उपस्थित बच्चो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति पदाधिकारी सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

चीन की चाहत

कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के दौरान चीन और भारत के विदेश मंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बातचीत को एक पॉजिटिव संकेत तो माना जा सकता है, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की ठोस उम्मीद के लिहाज से देखा जाए तो उसके लिए अभी और बहुत कुछ करने की जरूरत है। पहली बात तो यह कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात इस बीच जरूर हुई है, लेकिन उनकी बैठक एक साल बाद हो रही थी। बैठक की सार्थकता इस बात में भी है कि पहली बार दोनों पक्षों ने महसूस किया, एलएसी पर गतिरोध का लंबा खिंचना किसी के हक में नहीं है और यह कि सीमा पर शांति हमेशा बनानी पड़ती है। इस लिहाज से दोनों पक्षों में इस बात पर भी सहमति बनी कि कूटनीतिक और सैन्य अधिकारियों की मीटिंग जारी रखी जाये। देखा जाये तो मई-जून 2020 में सीमा पर कई इलाकों में चीनी सेना के आगे बढ़ आने और गलवान घाटी में भिड़ंत होने के बाद तनावों के बीच भी दोनों पक्षों में बातचीत जारी रही। एलएसी पर बने गतिरोध को खत्म करने के लिए वर्किंग मेकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की दो दर्जन से ज्यादा बैठकें हो चुकी हैं। कोर कमांडर लेवल पर भी 21 दौर की बातचीत हो चुकी है। कुछ मसले सुलझे भी हैं। लेकिन डेपसांग और डेमचक जैसे प्वॉइंट पर मतभेद बने हुए हैं, जिसकी वजह से सीमा पर दोनों ओर बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती बरकरार है। सवाल है कि क्या चीनी पक्ष इस बात को लेकर सचमुच गंभीर है कि बातचीत का कोई हल भी निकले। संदेह की वजह यह भी है कि उसकी तरफ से पिछले कुछ समय से लगातार इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि सीमा पर जो भी मतभेद हैं, उन्हें दरकिनार करते हुए दोनों देशों को आपसी संबंध सामान्य बनाने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। इस पर भारत अपना रुख साफ कर चुका है और उस पर अडिग है कि जब तक सीमा पर जारी गतिरोध को दूर नहीं कर लिया जाता तब तक दोनों देशों के रिश्ते सामान्य हो ही नहीं सकते। ऐसे में दोनों विदेश मंत्रियों का यह स्वीकार करना कि सीमा पर शांति हमेशा बनानी पड़ती है, इस बात का संकेत माना जा सकता है कि अब दोनों पक्षों में होने वाली बातचीत को फलप्रद बनाने का अतिरिक्त प्रयास दोनों सरकारों की ओर से होगा, लेकिन यह संभावना सच होती है या नहीं और चीन अब सचमुच सीमा पर गतिरोध खत्म करना चाहता है या इस बैठक का मकसद अंतरराष्ट्रीय हलकों में कुछ खास संकेत देने तक सीमित था, यह आगे के उसके व्यवहार से ही स्पष्ट होगा।

कोर कमांडर लेवल पर भी 21 दौर की बातचीत हो चुकी है। कुछ मसले सुलझे भी हैं। लेकिन डेपसांग और डेमचक जैसे प्वॉइंट पर मतभेद बने हुए हैं, जिसकी वजह से सीमा पर दोनों ओर बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती बरकरार है।

अभिमत आजाद सिपाही

नियम है कि इस पर विचार करने, निर्णय तक पहुंचने और फिर फैसला सुनाने तथा उस पर अमल करने के लिए नियुक्त पुलिस, दंडाधिकारी और न्यायाधीश के सामने एक विकल्प रहता है कि वे कानून की धाराओं के अनुसार आचरण करने या अपने विवेक अर्थात समझ के अनुसार कार्य करने के लिए स्वतंत्र हैं। यही वास्तविक मुद्दा है जिस पर न पहले और न अब लागू कानूनों में तनिक भी ध्यान दिया गया है। यह आवश्यक था पर इसे नहीं किया गया।

अपराध नहीं, आपराधिक मानसिकता पर अंकुश ही कानून की सफलता

पूरन चंद सरीन

देश ने अंग्रेजों के जमाने के कानून बदल दिए हैं। क्या केवल नाम बदला है, यह महत्वपूर्ण प्रश्न आज बहस का विषय है? इन्हें न्याय का पर्याय बताया जा रहा है। क्या यह समझा जाए कि क्योंकि वे गुलामी की निशानी थे इसलिए बदलाव जरूरी था?

विवेक बनाम न्याय : इसमें कोई विरोधाभास नहीं है कि समाज में यदि किसी ने कोई गलती की है और छोटे या बड़े किसी भी स्तर का अपराध है, उसके लिए दंड अनिवार्य है। इसकी विधि क्या है। नियम है कि इस पर विचार करने, निर्णय तक पहुंचने और फिर फैसला सुनाने तथा उस पर अमल करने के लिए नियुक्त पुलिस, दंडाधिकारी और न्यायाधीश के सामने एक विकल्प रहता है कि वे कानून की धाराओं के अनुसार आचरण करने या अपने विवेक अर्थात समझ के अनुसार कार्य करने के लिए स्वतंत्र हैं। यही वास्तविक मुद्दा है जिस पर न पहले और न अब लागू कानूनों में तनिक भी ध्यान दिया गया है। यह आवश्यक था पर इसे नहीं किया गया।

कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है; 2 व्यक्ति एक ही कानून, मान लीजिए, मनी लांड्रिंग के अंतर्गत पकड़े जाते हैं। सब कुछ समान है, लेकिन एक को जमानत मिल जाती है, दूसरे को नहीं। एक न्यायाधीश जमानत देता है, तो दूसरा उच्च न्यायालय में बैठ कर उस पर रोक लगा देता है। हैरानी की बात है। एक और उदाहरण है। एक व्यक्ति को अपनी युवावस्था में किसी अपराध के लिए लंबी सजा सुना दी जाती है। 5, 10, 15, या 20 नहीं अनेकों बार पाया जाता है कि यह व्यक्ति तो निरपराध था, उसने तो अपराध किया ही नहीं था। मतलब यह कि किसी ने तो

कोई भी जन्म से अपराधी नहीं होता, वह अपने साथ और आसपास होने वाले भेदभाव के कारण इस रास्ते का अनुसरण करता है।

अपराध किया था और वह आजाद घूम रहा था और निर्दोष सजा काट रहा था। वर्षों बाद निर्णय होता है कि सजा गलत थी। वह सलाखों से बाहर आता है, तब तक असली अपराधी न्याय तंत्र की पहुंच से बाहर जा चुका होता है।

प्रश्न उठता है कि क्या किसी भी न्यायाधीश का यह कहना पर्याप्त है कि महोदय ने अपने विवेक के आधार पर तब निर्णय किया था या अब किया है? उनके इस विवेक ने न्याय की बखिया उधेड़ दी और उन पर आंच तक नहीं आ सकती, उनके निर्णय पर प्रश्न नहीं उठ सकता क्योंकि वे अपनी समझ से फैसला करते हैं, यदि किसी ने कोशिश की तो अदालत की अवमानना होगी। आरोपी, वकील और न्यायाधीश तक सभी इस प्रक्रिया की वास्तविकता से परिचित हैं। यह विवेकपूर्ण आचरण सही है या खरीदा गया है, यह सवाल उठने से पहले ही दब जाता है। एक ओर कोई नर्क की यातना झेल रहा है, उसके पक्ष में गवाही देने वालों पर मौत का साया मंडराता रहता है और दूसरी ओर असली गुनाहगार सीना तानकर चल रहा है। मुकदमे और सजा की त्रासदी से टूट गये व्यक्ति के गंवाये वर्षों का कोई मूल्य नहीं, मामूली क्षतिपूर्ति तक नहीं और न्याय की दुहाई देने वालों के लिए कोई ठौर ठिकाना नहीं।

यह स्थिति आजादी से पहले थी और बदस्तूर आज तक चली आ रही है। प्रश्न उठता है कि जिसने सजा दी थी और जिसने अब रिहाई का हुक्म सुनाया, क्या उनकी जांच-पड़ताल और उनसे कानूनन पूछताछ नहीं होनी चाहिए? इसका कोई प्रावधान न पहले था और न अब है। स्वतंत्र भारत में न्याय प्रणाली की यह मजबूरी क्या समाप्त हो पायेगी?

न्याय की अवधारणा : इन कानूनों को न्याय कहा गया है। व्यापक अर्थों में यह कहा जा सकता है कि न्याय वही, जो आपराधिक मानसिकता से मुक्त रखने का काम करे। अपराध की तो सजा निश्चित हो गयी, लेकिन उससे पहले गंभीर चिंतन का विषय यह होना चाहिए था कि क्या कानूनों के माध्यम से समाज की उस प्रवृत्ति पर रोक लगती है, जो किसी को अपराध करने के प्रति उकसाती है, दूसरे का अधिकार छीनने की इच्छा पैदा करती है, दबंगई पर रोक लगाना तो दूर, उसे पालने-पोसने का काम करती है? यही नहीं धन और बल से कुछ भी करने और किसी को भी प्रताड़ित करने की सोच को विकसित करती है। इन कानूनों में कुछ मामलों में सजा को समाज सेवा के दायरे में रखने की बात कही गयी है। यह सेवा क्या और कैसी होगी, इसका कोई विवरण नहीं है? समाज सेवा के नाम पर तो अधिकतर राजनीतिक क्षेत्र को चुना जाता है। क्या अपराधियों से इसके माध्यम से राजनीति में उतरने की अपेक्षा है। पहले से ही इसमें अपराधियों को प्रवेश मिल रहा है और वे विधायक, सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री तक बने बैठे हैं। क्या समाज सेवा के पर्दे में ऐसे लोगों की एक नयी खेप तैयार करने का इरादा तो नहीं? न्याय और उसके तंत्र की सरलता और सफलता इस बात पर निर्भर है कि समाज में आपराधिक मानसिकता के पनपने पर रोक लगे। लोग यह सोचने से भी परहेज करें कि किसी को अपने सामने झुकाया जा सकता है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अर्थ सब कुछ करने की छूट नहीं है। इन कारणों पर विचार होना चाहिए कि कोई व्यक्ति जानबूझ कर क्यों नियम और कानून का उल्लंघन करता है?

एक उदाहरण है। लंबे हाइवे पर यात्रा के दौरान गाड़ियों की गति नियंत्रित करने के नियम हैं, गलत ओवरटेक करने और विपरीत दिशा में चलने से रोकथाम भी है। लेकिन फिर भी लोग इनका पालन नहीं करते। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि राजमार्गों का निर्माण करते समय आवश्यक सुविधाओं जैसे जलपान, विश्राम स्थल, पेट्रोल पंप और शौचालयों की सुविधाओं को नजरअंदाज किया गया। विकारग्रस्त सोच को किसी कानून से नहीं रोका जा सकता। उसके लिए ऐसा वातावरण होना चाहिए जिसमें व्यक्ति को स्वयं अपनी किसी गलती को पहचानने की योग्यता का विकास हो। यह कोई जन्मजात क्षमता नहीं होती, बल्कि अलिखित सामाजिक नियम कायदों की बिना पर मिलती है, परिवार के सदस्यों के व्यवहार पर निर्भर है। सोचिए कि क्या किसी बुजुर्ग का अपने नाबालिग पोते को कार चलाने के लिए दिया जाना अपराध नहीं है? इसी प्रकार महिलाओं पर पाबंदी और पुरुषों को कुछ भी कर सकने की सुविधा किसी कानून से नहीं मिलती बल्कि पारिवारिक संस्कारों से मिलती है। यह सूची बहुत लंबी हो सकती है जिससे अपराध करने की सोच को बल मिलता है।

इसके लिए भारी-भरकम कानून, कड़ी सजा, जुर्माना और ऐसे ही दंडात्मक उपाय कभी सफल नहीं होते, हालांकि उनसे भय का वातावरण अवश्य बनता है। एक समय ऐसा आता है कि लोग डरने की जगह अधिक उग्र होने लगते हैं। इसे न्याय तो कतई नहीं कहा जा सकता। अगर कानून इतने ही सक्षम होते तो फिर चोरी, डकैती, अपहरण, बलात्कार, तस्करी जैसे दुष्कर्म करने के लिए माहौल नहीं बनता! कोई भी जन्म से अपराधी नहीं होता, वह अपने साथ और आसपास होने वाले भेदभाव के कारण इस रास्ते का अनुसरण करता है। एक बार उसके मन में कुछ गलत करने की नींव पड़ गई तो विषबेल का पनपना तय है। कानून से भय नहीं उनके प्रति आदर होना चाहिए।

जमशेदपुर की खबरें

भारतीय आजाद सेना के अध्यक्ष बने राम बच्चन आनंदमुखी को महासचिव का मिला पद्भार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय आजाद सेना राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश सोनी के अध्यक्षता में पार्टी के प्रधान कार्यालय हजारीबाग में आयोजित की गई। शनिवार को आयोजित बैठक में 2024 के लोक सभा चुनाव का समीक्षा पर चर्चा किया गया। वही शनिवार को जमशेदपुर मे भारतीय आजाद सेना के पार्टी प्रभारी सदन कुमार ठाकुर के अनुशंसा पर पार्टी का विस्तार कर किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लेते

हुए जमशेदपुर के हरहरगुट्टु, बागबेड़ा निवासी रम्भा विश्व विद्यालय और इन्दिरा आई.टी.आई. के निदेशक सह अध्यक्ष राम बच्चन को पार्टी का जमशेदुपर जिला अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही बिरसानगर रोड नं03 निवासी आनंद मुखी को महासचिव और साकची मोहम्मडन लाईन निवासी अब्दुल हमीद को पार्टी का अल्पसंख्यक अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर नवनियुक्त तीनों पदाधिकारियों को अपने स्तर से पार्टी का विस्तार जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जमशेदपुर में पार्टी प्रभारी सदन कुमार को सूची जमा करने का निर्देश दिया गया। ताकि आने वाले विधान सभा में पाटी द्वारा जमशेदपुर में विधानसभा चुनाव में सभी 6 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा की जा सके।

होपना मोहाली ने विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी के लिए तैयारी शुरू की

पोटका।(आजाद सिपाही) झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा एक संभावित तिथि की घोषणा के बाद पोटका विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवारों ने अपना कमर कसना शुरू कर दिया है। पोटका में भाजपा के एक दर्जन से अधिक उम्मीदवार है। जो इस बार पार्टी के समक्ष अपनी उम्मीदवारी पेश करेंगे। इनमें पूर्व विधायक मेनका सरदार, उपेंद्र नाथ सरदार उर्फ राजू सरदार, गणेश सरदार, मनोज कुमार सरदार, दुखनी माई सरदार, बारी मुर्मू, कुसुम पूर्ति आदि है। इन सभी उम्मीदवारों में एक अलग हटकर उम्मीदवार है। जिनका नाम होपना महाली है। होपना महाली 20 वर्षो से जमशेदपुर महानगर में भाजपा की राजनीति में सक्रिय है। भाजपा किसान मोर्चा के होपना महाली जिला अध्यक्ष भी रह चुके है। इसके अलावा भाजपा के विभिन्न पदों पर रहे है। पोटका विधान सभा के विभिन्न सामाजिक कार्यों तथा आम जनता के समस्याओं में प्रखंड से लेकर जिला तक आवाज उठाते रहते है। यह अलग बात है की श्री महाली की जाति की संख्या कम है। लेकिन इस बार जातीय समीकरण से ऊपर उठकर लोग और पार्टी के कार्यकर्ता होपना महाली को ज्यादा पसंद करते है। जातीयता की राजनीति से अब यहां के लोग ऊब चुके है। श्री महाली कहते भी है की यदि पार्टी एक बार मुझे मौका देती है तो पोटका में भाजपा का झंडा निश्चित ही लहरा दूंगा।

राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण के अद्वितीय प्रतीक थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : बड़कुंवर गागराई

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शनिवार को गोलमुरी खालसा क्लब में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक और भाजपा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई,विशिष्ट अतिथि सांसद बिद्युत बरण महतो, सम्मानित अतिथि पूर्व सांसद आभा महतो समेत अन्य वरीय नेतागण मौजूद रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर नमन किया।मौके पर वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।पूर्व विधायक बड़कुंवर गागराई ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। कश्मीर से परमिट राज समाप्त करने और उसे भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्प को मोदी सरकार ने साकार करते हुए जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाकर वहां पर अमन और शांति का राज कायम किया। बड़कुंवर गागराई ने कहा डॉ. मुखर्जी आज भी एकीकृत भारत के लिए राष्ट्रवाद की सबसे बुलंद आवाज हैं।सांसद बिद्युत बरण महतो ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन का हर क्षण राष्ट्र की एकता, अखंडता और अक्षुण्णता को समर्पित किया। देश में ह्यएक विधान, एक निशान और एक प्रधानह्न की संकल्पना के लिए अथक संघर्ष किया और राष्ट्र की अखंडता के खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह व धन्यवाद ज्ञापन बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने किया। मौके पर चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव,मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, राजन सिंह, डॉ राजीव, मनोज कुमार सिंह, जटाशंकर पांडेय, अनिल सिंह, रीता मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, कौस्तव राय, मणि मोहंती, हलदर नारायण शाह, ध्रुव मिश्रा, संतोष ठाकुर, अजय सिंह, बबलू गोप, हेमंत सिंह, मंटू चरण दत्ता, राजेश सिंह, प्रशांत पोद्दार, अमरजीत सिंह राजा, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, बीनानंद सिरका, कमलेश सिंह, अमिताभ सेनापति, विकास शर्मा, कुमार अभिषेक, प्रोबिर चटर्जी राणा, बंटी अग्रवाल, पप्पू उपाध्याय, रंजीत सिंह, सरस्वती साहू, सरबजीत कौर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टॉपर विद्यार्थियों के लिए अचीवर्स पुरस्कार समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। ससंत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के मल्टीमीडिया में वार्षिक परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों और विजेताओं को उनके अभिभावकों के सामने सम्मानित करनेके लिए अचीवर्स पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित घाटशिला ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीमती यूनिका शर्मा को फलों की टोकरी प्रदान कर की गई । तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सुमधुर स्वागत गीत और बिहू नृत्य की प्रस्तुति की गई । विद्यालय प्राचार्या श्रीमती नीलकमल सिन्हा ने मुख्य अतिथि तथा उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया । विद्यार्थियों को

उनकी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाइयाँ देते हुए हमेशा जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपलब्धियाँ आपके अथक परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति, परिश्रम, समर्पनिष्ठता,सहयोग और मित्रतापूर्ण व्यवहार का ही परिणाम है। इस समारोह में सत्र 2023 - 24 की कक्षा तृतीय से पाँचवीं के कुल 96 विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें 18 विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए,20 विद्यार्थियों को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए एवं 58 विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए स्कॉलर पुरस्कार दिया गया। उपरांत मुख्य अतिथि श्रीमती यूनिका शर्मा ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर घाटशिला ने अपने वक्तव्य में विद्यालय के वातावरण की प्रशंसा करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए तत्पर रहने,जीवन की विविध परिस्थितियों का सामना डटकर व निडरता से करने का परामर्श दिया। साथ ही बच्चों को राष्ट्र निमार्ता बताते हुए उन्हें सही पथ पर चलने की सलाह दी । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रशासिका शोभा गनेरीवाल, प्रबंधन समिति के सदस्य श्री दीपक बजाज , शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, शैक्षणिक प्रभारी श्री एस.आर. दत्ता, सह शैक्षणिक प्रभारी सरस्वती राय पटनायक, अनुशासन प्रभारी श्री इंद्र कुमार राय और प्राइमरी प्रभारी सुजाता वर्मा उपस्थित थें। मुख्य अतिथि यूनिका शर्मा को विद्यालय परिवार की ओर से शॉल तथा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्रावणी आदित्य द्वारा किया गया। इस समारोह को सफल बनाने में प्राइमरी शिक्षिकाओं के साथ-साथ टेक्निकल विभाग का योगदान रहा। छात्र अमन अग्रवाल एवं विशाल सिंह ने भी फोटोग्राफी में अपना सहयोग दिया। अंत में प्राइमरी की सह शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा दत्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

झामुमो जिला संपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के हाथरस ज़िला स्थित सिकंद्राराऊ इलाके के पुलराई गांव में आयोजित एक सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से सैकड़ो लोगों को जान गवाना पड़ा था। शनिवार को मृतकों की आत्मा के शांति के लिए साकची स्थित झामुमो जिला संपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर झामुमो के वरिष्ट नेता प्रमोद लाल व शेख बदरुदीन के नेतृत में सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकर्ताओ ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा के शांति के लिए प्राथना की। साथ ही सभी ने एक एक मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रमोद लाल,शेख बदरुद्दीन, वीरसिंह सुरेन, अरुण सिंह, उमाकांत झा,फतेचन्द्र टुडू, प्रभात सिंह, गुरमीत गिल, प्रीतम हेम्ब्रम, संदीप चक्रवर्ती, रानू, पिन्टू, लाल, अंकित, हरदेव सिंह मानगो, मनोज गुप्ता,रूपेश गिरी,रेहान खान,शेख सरहपुदीन सहित अन्य शामिल रहे।

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पहुंचे गढ़वा

अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में परिषदन भवन गढ़वा के सभागार में गढ़वा जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाएं जा रहे विभिन्न योजनाओं के संबंध में जिले के पदाधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और आयोग के सदस्यों में डॉ० एम तौसीफ, बरकत अली एवं एकरामुल हसन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक के पश्चात प्रेसवार्ता में बोलते हुए अध्यक्ष ने बताया कि झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम द्वारा झारखंड राज्य के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के लिए राज्य भर में चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस समीक्षात्मक बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी आमजनों के लिए सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं उसमें धार्मिक अथवा भाषायी आधार पर विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों यथा- मुस्लिम, क्रिश्चियन, बुद्धिस्ट, सिख आदि को उनके आबादी के अनुरूप कितनी भागीदारी और हिस्सेदारी मिल पा रही है यह देखना है। उन्होंने कहा कि टीम के द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित आंकड़ा और तथ्य (डाटा) आदि इकट्ठा करने का कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर उक्त योजनाओं में अल्पसंख्यकों के हिस्सेदारी व भागीदारी में व्याप्त समस्याओं अथवा कमियों के समाधान हेतु उचित कार्रवाई और प्रयास किये जायेंगे। समीक्षा के क्रम में जिला स्तरीय विभिन्न विभागों यथा- कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, गृह विभाग, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल और खनन विभाग समेत अन्य महत्वपूर्ण विभागों का प्रतिवेदन संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त संबंधित सभी विभागों के अंतर्गत चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं में कुल लक्ष्य के विरुद्ध अल्पसंख्यकों के कुल भागीदारी और सहभागिता तथा लाभुकों की संख्या और विभिन्न समस्याओं पर विशेष चर्चा की गयी और अल्पसंख्यकों को उक्त योजनाओं में समुचित भागीदारी हेतु कार्य करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। विभागों द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदनों को अध्यक्ष द्वारा अन्य जिलों के मुकाबले गढ़वा जिले का प्रतिवेदन संतोषजनक बताया गया। शिक्षा विभाग और कृषि विभाग के समीक्षा के दौरान योजनाओं में कुछ मामले में कमियां पायी गयी, जिस पर उन्होंने ऐसे सभी रुके हुए मामले को फोकस करते हुए संचालित करने हेतु निदेशित किया गया। विभिन्न सरकारी उर्दू विद्यालयों में उर्दू पुस्तकों के विद्यार्थियों के बीच वितरण, छात्रावास की कमी, पंजीकृत मदरसों की संख्या में कमी आदि समस्याओं के निराकरण की बात कही। बैठक में सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती समारोह का आयोजन चेचरिया स्थित पूर्वमंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी के आवास पर आयोजित किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के प्रतिषिठत परिवार में हुआ था। अपने कुशाग्र बुद्धि के कारण वे 14 वर्ष की आयु में राजनीति में प्रवेश कर गये। वे 33 वर्ष की आयु में कोलकता विश्वविद्यालय के उप कुलपति बने। आजादी के बाद देश मे अंतरिम सरकार का गठन हो रहा था तो महात्मा गांधी के कहने पर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग व आपूर्ति मंत्री बनाया.उन्होंने कुटीर व लघु उद्योग गरीब, किसान व बेरोजगार लोगो को रोजगार देने का प्रयास करने लगे। वे भारतमाता को खंडित होते नहीं देखना चाहते थे। वे कश्मीर में परमिट सिस्टम तथा धारा 370 हटाने के नाम पर बिना परमिट के 11 मई 1953 को जा रहे थे, उन्हें रहस्यमय तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया तथा 23 जून 1953 को रहस्यमय तरीके से उन्हें मार दिया गया। श्री केशरी ने कहा कि हम सबों को उनके बताये मार्ग का अनुशरण करना चाहिये। जयंती समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, शिवधारी राम, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, सोबराती खां, सलीम अंसारी, बसंत जायसवाल, लाला पासवान, रमेश प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, नीरज कुमार, इस्लाम खलीफा सहित अन्य उपस्थित थे।

झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने अल्पसंख्यक आयोग झारखंड के अध्यक्ष से छात्रावास बनाने की मांग की

रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) के आफताब आलम ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान को एक ज्ञापन सौपकर रंका अनुमंडल मुख्यालय में अल्पसंख्यक छात्रावास बनाने की मांग किया है। सौपें गये ज्ञापन में कहा गया है कि रंका अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत पांच प्रखंड आता है। जिसमें अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी लगभग 18 प्रतिशत से ज्यादा है। इस प्रखंड के आलावा अन्य प्रखंडों से मुस्लिम बच्चे और बच्चियां पढ़ाई के लिए रोज आना जाना करते हैं, जिससे उनपर काफी आर्थिक बोझ पड़ता है और इनमें से लगभग 80 प्रतिशत बच्चों की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण बीच में ही छूट जाता है। ऐसे में रंकाकला में लड़कों- लड़कियों के लिए अलग अलग एक एक अल्पसंख्यक छात्रावास बनाया जाना अल्पसंख्यक मुस्लिम बच्चों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाने में मिल का पत्थर साबित होगा और उच्च शिक्षा प्राप्त कर मुस्लिम युवक-युवतियां बेहतर समाज का निर्माण कर सकेंगे वही कल्याणकारी कार्य से इन्हें राज्य और देश सेवा में योगदान का अवसर भी प्राप्त होगा।

डॉ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे : विनोद

हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती शनिवार को हरिहरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी के आवास पर मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी ने कहा कि 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ० श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, और शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे। वे 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात वे विदेश चले गये और 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। डॉ० मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ० मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। उन्होंने बहुत से गैर कांग्रेसी हिंदुओं की मदद से कृषक प्रजा पार्टी से मिलकर प्रगतिशील गठबन्धन का निर्माण किया। इस सरकार में वे वित्तमंत्री बने। उन्होंने अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सूर्यदेव सिंह, संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, आनंद सिंह, दूर्गा राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया के खिलाफ मोर्चा खोला

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कोलझिकी पंचायत के 9 में 7 वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया सुनीता देवी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वार्ड सदस्य राजकुमार भुईयां के नेतृत्व में सदस्यों ने शनिवार को पंचायत के वार्ड सदस्यों ने बीडीओ अदिती गुप्ता को आवेदन देकर उप मुखिया के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया है। वार्ड सदस्यों ने नियम 3 (11) के तहत अविश्वास प्रस्ताव की सूचना बीडीओ को दी है। उप मुखिया के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने का कारण वार्ड सदस्यों के साथ उदासीन रवैया, विकास कार्यों को बाधित करना, कार्य में लापरवाही बरतना आदि बताया गया है। वार्ड संख्या एक के वार्ड सदस्य राजकुमार भुईयां के द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 9 में 6 वार्ड सदस्य हैं। इसमें सफीना बीबी, सहारे हुसैन, मीरा देवी, रवींद्र साह, लीलावती देवी एवं आरती देवी शामिल हैं। सभी ने राजकुमार भुईयां के द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया है।

जिला कृषि पदाधिकारी ने रंका में खाद बीज दुकानों की जांच की

रंका (आजाद सिपाही)। जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर कुमार ने शनिवार को रंका के खाद बीज दुकानों का जांच किया। उन्होंने रंका चेकनाका स्थित नंदू गुप्ता और कंचनपुर राज बीज भंडार के अलावा अन्य कई दुकानों का जांच पड़ताल किया। जिसमें खाद बीज दुकान हेतु लाईसेंस और अन्य आवश्यक कागजातों कि जांच की। जिनका कमी पाया गया, उन्हें शीघ्र कागजात बनवाने का निर्देश दिया। साथ ही कागजात नहीं होने की स्थिति में एफआईआर करने का भी हिदायत दी। इस मौके पर प्रधान लिपिक श्रवण कुमार राय, किसान मित्र शैलेंद्र तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विधायक भानु ने छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

सरकार के द्वारा जो भी संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है उसका सदुपयोग कीजियेः विधायक भानु

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल वितरण के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, प्रखंड प्रमुख कांति देवी, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, बीडीओ जागो महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर बोलते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को साइकिल मिल जाने से स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। विधायक ने अपने संबोधन में ब्लॉक कर्मियों खासकर कंप्यूटर ऑपरेटर को नसीहत देते हुए कहा कि आप लोग अपने कार्य शैली में सुधार लाएं। आप लोगों की बहुत शिकायत मिल रही है अगर नहीं सुधरे तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जायेगी। वही जेई कुमार विशाल को फटकार लगाते हुए कहा कि प्रखंड के लोगों को योजना वेरिफिकेशन के नाम पर गढ़वा बुलाते हैं यह सही नहीं है। आपको प्रखंड में रहकर कार्य करना होगा अन्यथा आप के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जायेगा। उन्होंने प्रभारी बीडीओ जागो महतो से जेई के खिलाफ चेतावनी लेटर टाइप करने का निर्देश दिया। बीडीओ जागो महतो ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग नियमित रूप से जिस विषय में रुचि हो उसी विषय में आगे की पढ़ाई जारी रखें। किसी के दबाव में अपना फैसला नहीं बदले। आपको निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। कार्यक्रम को प्रमुख पति घूरबिगन बैठा, 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदिन अंसारी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि उत्तम देव प्रजापति,जीप सदस्य मोहन पासवान, दयानंद भगत आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ जागो महतो ने किया जबकि संचालन अलख निरंजन प्रसाद ने किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया गया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बीरबल गांव में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एक पौधा मां के नाम पौधा रोपण किया गया। इसकी शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि धर्मजित यादव बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के साथ उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्री मुखर्जी के चित्र पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश ही नहीं विश्व में पहचान रखने वाले जनसंघ के संस्थापक थे, वे प्रखर राष्ट्रवादी देशभक्त सामाजिक चिंतक थे, उनके द्वारा खड़ा किया गया। जनसंघ का बदला हुआ स्वरूप भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, उनके बतायें विचाराधारा से हम लोगों को भी सिख लेना चाहिए। इनके द्वारा बताया गया रास्ता आज देश के लिए कितना जरूरी है, आप खुद देख रहे हैं। श्रद्धेय मुखर्जी में देश भक्ति की भावना कूट कूट कर भरा था। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे देश में एक पौधा मां के नाम से पौधा लगाया जा रहा है, जो देश का विशाल कार्यक्रम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि धर्मजीय यादव मणि संकर विश्वकर्मा असिश विश्वकर्मा कामेश्वर गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तत्कालीन अध्यक्ष और अध्यक्ष पति समेत चार पर प्राथमिकी

नगर पंचायत गढ़वा में बस स्टैंड और टाउन हाल के जीर्णोद्धार तथा शहर में एलइडी लाइट लगाने और डस्टबीन की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत के तत्कालीन उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने आंदोलन किया था।

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा नगर पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2015 में विभिन्न योजनाओं में हुए कथित घोटाले के मामले में

गढ़वा नगर परिषद के वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने गढ़वा थाना में तत्कालीन गढ़वा नगर पंचायत अध्यक्ष पिंकी केशरी, उनके पति संतोष कुमार केशरी, नगर पंचायत गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताते चलें कि नगर पंचायत गढ़वा में बस स्टैंड और टाउन हाल के जीर्णोद्धार तथा शहर में एलइडी लाइट लगाने और डस्टबीन की खरीद में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत के तत्कालीन उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने आंदोलन किया था। इसके पश्चात इस मामले की जांच तीन सदस्यीय कमेटी ने की थी। जिसमें नगर पंचायत की अध्यक्ष पिंकी केशरी, उनके पति संतोष कुमार केशरी, नप के कार्यपालक पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता को अनियमितता में संलिप्त पाया गया था। लेकिन कमेटी की सिफारिश के बावजूद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी गयी। इसके बाद अनिल कुमार पांडेय ने इस मामले को लोकायुक्त के पास ले गये। तब लोकायुक्त ने भी कमेटी की जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया। इसके बावजूद भी नौ वर्षों तक इस मामले में चुप्पी बनी रही। इसके पश्चात अनिल कुमार पांडेय ने इस मामले को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में डब्ल्यू पीआईएल 1270/ 2021 दायर किया। जिस पर सुनवाई करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने 14 मई 2024 को गढ़वा नगर पंचायत में वर्ष 2015 में हुए कथित घोटाले के मामले में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया। इसके आलोक में गढ़वा समाहरणालय विधि शाखा ने पत्रांक 666 दिनांक 26 जून 2024 के माध्यम से नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त के निर्देश के बाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी के लिए को आवेदन दिया।

इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में आदित्य ने सफलता प्राप्त कर बढ़ाया मान

कांडी(आजाद सिपाही)। कक्षा 2 के एक विद्यार्थी ने इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करके स्वजनों के साथ-साथ जिला और राज्य का नाम रौशन किया है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा का नाती आदित्य श्रीवास्तव ने एसओएफ इंटरनेशनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में लाखों की संख्या में छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें आदित्य श्रीवास्तव ने इंटरनेशनल रैंक 74, रीजनल रैंक 69, जोनल रैंक 45 और स्कूल में प्रथम रैंक हासिल किया है। सफल विद्यार्थी को सर्टिफिकेट के साथ-साथ गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है। विद्यालय स्तर पर एक्सीलेंस में भी एक्सीलेंस प्रदर्शन के लिए उसे अलग से पुरस्कृत किया गया है। मालूम हो कि आदित्य श्रीवास्तव कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रांची में कक्षा 2 का छात्र है। उसकी सफलता पर पिता ओमप्रकाश श्रीवास्तव, माता अभिलाषा चांदनी सहित कई लोगों ने बधाई दी है। साथ ही भविष्य में और बेहतर करने की कामना की है।

जल जीवन मिशन जल चौपाल केतार में संपन्न

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में ग्राम स्तरीय पानी समिति का गठन हेतु शनिवार को संबंधित पंचायत के मुखिया के अध्यक्षता में पंचायत सचिवालय में बैठक की गयी। इस बैठक में मुखिया, जलसहिया, वार्ड सदस्य सहित ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित मास्टर ट्रेनर अरेआम्मा पाठक ने सभी जलसहिया को अपने अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय होकर कार्य करने को कही। उन्होंने कही की समिति गठन का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी जल नल योजना का लाभ अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस समिति के अध्यक्ष संबंधित मुखिया और कोषाध्यक्ष संबंधित जल सहिया निर्वाचित हुए। इस मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मुंगा साह, बलिगढ मुखिया ललीता कुमारी, परसोडीह मुखिया बंसती देवी, संजय वर्मा,जलसहिया रेशमी देवी, संगीता देवी, बंसती देवी, ममता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रामवि केतार में किया गया पौधरोपण

केतार (आजाद सिपाही)। रामवि केतार के परिसर में फूल और अन्य किस्म की पौधा विद्यालय में लगाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, शिक्षक संतोष ठाकुर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षको सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पौधा लगाएं। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार ने छात्रों को पेड़ पौधे के महत्व के बारे में बताया। साथ ही प्रत्येक छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों भी पौधे लगाकर उसका रख रखाव करने को कहे।

शनि देव मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप का गढ़वा सहेली के द्वारा स्थानीय चौधरान बाजार में स्थित शनि देव मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली ग्रुप के अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने की इस मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह गढ़वा सहेली ग्रुप की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सह सहेली ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सीमा केसरी सहित सहेली गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष माला केसरी, लता गुप्ता और निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थी।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

निविदा रद्द सूचना

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2023–24 के ग्रुप –"ए" एवं "बी", जो समाचार पत्रों में P.R. No. 317794 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 D द्वारा प्रकाशित किया गया था, को नियम एवं शर्त की कंडिका 17 के आलोक में अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल,
राँची।

PR.NO.328892 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

सं0 संख्या–5/प्रशि0(शिक्षु)–01/2022 **Part-III** झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।
निदेशालय पत्रांक 1095 दिनांक 05.07.2024

शुद्धि–पत्र

Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 08.07.2024

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में निदेशालय पत्रांक 1089 दिनांक 05.07.2024, (PR 328789) द्वारा दिनांक 08.07.2024 को PM Apprenticeship Mela का आयोजन करने हेतु सूचना प्रकाशित की गई है, जिसमें निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है, शेष यथावत रहेगा:–

District Name	PMNAM Mela Center Name	Name of the State/Center co-ordinator	Designation	E mail-Id	Contact No.
Gumla	Kartik Oroan Mahavidyalaya, Gumla	Sri Sriram Bari	Employment Officer	srirambari@gmail.com	9835978822
Garhwa	R.K.V.S. Sansthan, Garhwa	Sri Neeraj Kumar	District Employment Officer	employmentexchangegarhwa@gmail.com	9110075212

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची।

PR 328852 Labour Employment and Traning(24-25)D

ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**06/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 05.07.2024

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के नगर पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विद्युत उपकरण, साउण्ड बॉक्स एवं फर्निचर का क्रय एवं अधिष्ठापन।	69,97,800.00	06 (Six) Months

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 06 (Six) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 25/07/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 26/07/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 328896 Building(24-25).D

लोहरदगा में रथयात्रा की तैयारी पूरी

आज एक साथ तीन स्थानों से निकलेगी रथ यात्रा, उमड़ेंगे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिले में रथ यात्रा मेला को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा को मौसी बाड़ी ले जाने के लिए स्थानीय कारीगरों द्वारा रथों को तैयार किया गया है। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर, तेतरतर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, तिवारी दुरा स्थित जग्रन्नाथ महाप्रभु मंदिर के अलावा विभिन्न प्रखंडों में रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। भंडरा प्रखंड में लगने वाले ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला की भी तैयारी पूरी हो गई है। विभिन्न राज्यों के दुकानदार भंडरा पहुंचकर अपनी-अपनी दुकानों के लिए जगह तलाश रहे हैं। वहीं लोहरदगा शहरी क्षेत्र में ठाकुरबाड़ी, तेतरतर और तिवारी दुरा से निकलने वाले रथ यात्रा की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर के रंग-रोगन का कार्य पूरा किया जा चुका है। भगवान जग्रनाथ के दर्शन को लेकर श्रद्धालु लालायित हैं। भंडरा में नौ दिनों तक चलने वाले रथयात्रा मेला का विशेष महत्व है। मेला में शामिल होने को लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों से भी ग्रामीण पहुंचते हैं। इधर रविवार को विशाल और भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ खींचने को लेकर श्रद्धालु खासे उत्साहित हैं। वे रथ को मौसीबाड़ी ले जाएंगे। रथयात्रा को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। लोहरदगा में एकसाथ तीन स्थानों से रथयात्रा निकलती है। तीनों ही रथ यात्रा का समापन मौसी बाड़ी में होता है। काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान का रथ खींचने को लेकर उमड़ पड़ते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी समीक्षा की गई है।

ठाकुरबाड़ी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया। सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में भगवान का प्रसाद खिलाया गया। भगवान को लगाए गए भोग की सभी वस्तुओं को प्रसाद के रूप में लोगो को दिया गया। भगवान का प्रसाद खाने के लिए शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। पत्तल में भगवान को लगाए गए भूख भोग पूड़ी, सब्जी, बुंदिया, सेव, आम समेत अन्य प्रसाद लोगो को खिलाया गया। प्रसाद खाकर लोग आनंदित महसूस कर रहे थे। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। प्रसाद बांटने में युवतियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। यहाँ भगवान जगन्नाथ को भोग में चावल, दाल, सब्जी, चटनी आदि का भोग लगाया गया था। 002

संपूर्णता अभियान को लेकर निकाली गयी प्रभातफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। नीति आयोग की ओर से प्रारंभ अभियान संपूर्णता अभियान को लेकर आज प्रभात फेरी का आयोजन समाहरणालय प्रांगण लोहरदगा से नगर भवन तक किया गया। इसका शुभारंभ जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह और आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग द्वारा हरी झंडी दिखा कर की गई। इस प्रभात फेरी में नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं द्वारा बैनर व तख्तियों के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने की अपील की। संपूर्णता अभियान में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच निबंधन, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत गभवर्ती महिलाओं को पोषाहार दिया जाना, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 9 से 12 माह के बच्चों का टीकाकरण, शिक्षा विभाग अंतर्गत स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, जेएसएलपीएस अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड उपलब्ध कराना और कृषि विभाग अंतर्गत सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना है। यह सभी उपलब्धियां अगले तीन माह यानी सितंबर माह तक हासिल कर लिया जाना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार-बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार दो घायल

भंडरा (आजाद सिपाही) । भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के कचमची गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की भीठा पंचायत के धोबाली गांव निवासी बंदे उरांव के पुत्र मनीष उरांव (22 वर्ष) व आयता उरांव (20 वर्ष) अपने मोटरसाइकिल से कचमची जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ब्रेजा कार नम्बर जेएच 01 एफ डी 9610 ने टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल सवार दोनो भाई घायल हो गए। इधर भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने दो भाइयों का इलाज कर मनीष उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि आयता उरांव को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

जिप सदस्य और मुखिया ने 70 किसानों के बीच बांटे मूंगफली के बीज

भंडरा (आजाद सिपाही)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना तहत प्रखंड के 70 किसानों के बीच 10 किलो मूंगफली बीज व नेनो यूरिया का वितरण जिप सदस्य राजमनी उरांव, स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली व बीटीएम प्रियांशु मिंज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान बीटीएम प्रियांशु मिंज ने लाभुकों को बताया कि बीज वितरण के लिए कृषक मित्रों द्वारा किसान की सूची ग्राम सभा पारित किया जाता है। जिसके बाद ब्लॉक चयन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से बीज का वितरण किया जाता है। जिसके लिए किसान को आधार संख्या, ओटीपी तथा खाता व प्लांट नम्बर देना पड़ता है। तब जाकर किसानों तक बीज वितरण होता है। मौके पर बीज वितरण कार्यक्रम में कृषि विभाग कि एटीएम सहायक अजय कुमा, उदरंगी, मसमानो, भीठा पंचायत के किसान सहित कृषक मित्र चन्द्रिका सिंह मौजूद थे।

महिला का शव घर से पुलिस ने किया बरामद, घटना चमडू रुगड़ी टोली की, जांच में जुटी सेन्हा पुलिस

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित चमडू रुगड़ी टोली में एक 45 वर्षीय महिला का शव घर मे होने की सूचना पर परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ गया। जबकि गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक महिला की पहचान चमडू रुगड़ी टोली निवासी बुधवा उराँव का 45 वर्षीय पत्नी राजमुनी उराँव के रूप में किया गया है. शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई असरफी बहेलिया दलबल के साथ चमडू रुगड़ी टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए जांच में पुलिस जुट गयी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई पुलिस के द्वारा आरम्भ कर दिया गया। वही बताया जाता है कि बुधवा उराँव नितदिन नशे के हालत में रहता था और राजमुनी उराँव भी शराब का सेवन करती थी। महिला की मौत के कारणों का खुलासा नही हुआ लेकिन संदेह जताया जा रहा है कि गिरने से मौत होना प्रतीत होता है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवारिक विवाद का आशंका भी जताया जा रहा है। इस सन्दर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार प्रथम दृष्टया गिरने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पोस्टमार्टम के उपरांत ही इन बिंदु पर टिप्पणी करना उचित नही है।

शहरी क्षेत्र से दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध गत मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद और सदर थानेदार रत्नेश मोहन ठाकुर की अगुवाई में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र के रेलवे साइडिंग स्थित हिंडाल्को के रोपवे ब्रिज के निकट अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर तेजी से गुजरता हुआ देखा गया। जांच टीम टीम को देखते ही, बालू लोडेड ट्रैक्टर भागने लगे। जल्दबाजी में अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर बलपूर्वक निकट के खेतों में घुसा दिया। जांच टीम के निकट आने तक खेत में बालू गिराकर छोड़ दिया। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी और पुलिस टीम ने दोनों ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। खेत में गिरा अवैध बालू की फोटोग्राफी कर जप्ती सूची बनाई । इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, वर्तमान में एनजीटी लागू है। बावजूद, बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर औचक अभियान चलाया गया। मौके से बरामद दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर सदर थाना में रखा गया। इस मामले पर अवैध खनन और परिवहन को लेकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाना जिला प्रशासन का कामः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा प्रखंड के पंचायत सचिवालय, सासंग परिसर में जनता दरबार, विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा एवं जनप्रनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। विकास मेला में क्षेत्र से संबंधित जन समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पाट किया गया।

विकास मेला में जिला प्रशासन की ओर से परिसम्पतियों का वितरण किया गया

कृषि विभाग से 4 लाभुकों को बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 5 लाभुकों के बीच बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत मक्का बीज वितरण किया गया। कल्याण विभाग से 2 छात्र छात्राओं के बीच निशुल्क साईकिल का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग से 2 छात्र छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, 2 छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक, 2 छात्र छात्राओं के बीच स्कूल कीट वितरण किया गया। अंचल कार्यालय चंदवा से 4 लाभुकों के बीच जाति स्थानीय प्रमाण पत्र वितरण किया गया। श्रम विभाग से मातृत्वप्रसुविधा योजना के तहत 2 लाभुकों के बीच 30,000 राशि की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 6 लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया।

सम्पूर्णता अभियान के सफल संचालन को लेकर सभी को शपथ ग्रहण कराया गया

दिलाये गये शपथ में मुख्य रूप से कहा गया कि मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि अपने ब्लॉक/जिला को संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को संतृप्त करने के लिए कार्य करूंगा/करूंगी और योगदान दूंगा/दूंगी। मैं अपने ब्लॉक/जिला को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बनाऊंगा/बनाऊंगी, और इसे एक प्रेरणादायक ब्लॉक/जिला बनाने की दिशा में कार्य करूंगा/करूंगी। डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारीअलका हेंब्रम, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, मुखिया पुष्पा देवी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। 009

किस्को में खेत में घास काटने गयी युवती को जहरीले सांप ने काटा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। किस्को थाना क्षेत्र के नारी नावाडीह गांव में शनिवार को खेत में घास काटने गई परमेश्वर उरांव की 18 वर्षीय पुत्री नोरपुप उरांव को जहरीला सांप ने काट लिया। घायल नोरपुप उरांव तत्काल भाग कर घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दिया। तत्काल परिजनों ने किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर किया गया है। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख महिला का फौजी इलाज किया। इलाज के बाद चिकित्सको ने महिला को खतरे से फिलहाल बाहर बता रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह नोरपुप उरांव खेत में घास काटने के लिए गई थी। जंगल की झाड़ियां में छुपा जहरीला सांप ने उसे इस दौरान काट लिया। उल्लेखनीय है कि, तेज गर्मी के बाद वर्षा होने से ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

खेलो इंडिया कार्यक्रम में गिरा बच्चा घायल हुआ, रिम्स में इलाज के दौरान मौत

भंडरा (आजाद सिपाही)। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बिटपी कक्षा एक का छात्र प्रेम उराव उम्र 7 वर्ष पिता विजय उरांव शुक्रवार को खेलने के क्रम में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो था, जिसका शनिवार को रांची रिम्स मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। ज्ञात हो की खेल में घायल बच्चे को शिक्षकों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रांची रेफर किया गया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने बताया कि खेलो इंडिया कार्यक्रम विद्यालय के खेल प्रांगण में चल रहा था। इसी क्रम में यह छात्र अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया। छात्र के पिता दूसरे प्रदेश कमाने गया है. छात्र के शव को बर्फ मे रखा गया है। पिता के आने के बाद अंतिम संस्कार किया जायेगा।

पीसीसी पथ निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका लातेहार । रांकीकला पंचायत के कुई गांव में विधायक निधि अंतर्गत प्रखंड के रांकिकला पंचायत स्थित ग्राम कुई में स्वर्गीय विनोद साव के घर से अशर्फी यादव के घर होते हुए मुस्मकीम मियां के घर तक एनआरईपी विभाग के द्वारा मिट्टी मोरम पथ मरम्मती का कार्य में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है। संवेदक के द्वारा कहीं पर चौड़ाई कम तो कहीं पर कम ढलाई कर-के पीसीसी पथ का निर्माण करवाया गया है साथ ही पीसीसी पथ के बीच-बीच में कई गड्ढे हैं

जो हमेशा ही दुर्घटना को आमंत्रित करती है। वहां के ग्रामीण बताते हैं कि सड़क के बीच में गड्ढे होने से कई बार दो पहिया चालक दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जैसे-तैसे करके बिना एस्टीमेट के ही संवेदक के द्वारा काम पूरा किया गया है। संवेदक जैसे तैसे कर सड़क का निर्माण करवा कर यहां से चले जाते हैं लेकिन सड़क सही नहीं होने की वजह से यहां रहने वाले लोगों को परेशानियों से गुजरना पड़ता है जिस प्रकार से सड़क का निर्माण किया गया है यह सड़क एक दो साल होते होते और भी दैनिय हो जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सड़क के जगह-जगह पर बने हुए गड्ढे को भरते हुए सड़क निर्माण के कार्य में हुई कमियों में सुधार होना चाहिए। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

वहीं मामले के विषय में एनआरईपी विभाग के जेई से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि पीसीसी पथ निर्माण के कार्य में जो भी कमियां हैं उसमें जल्द से जल्द संवेदक के द्वारा सुधार करवाया जाएगा जब तक काम पूरा नहीं होगा तब तक फाइनल पेमेंट नहीं की जायेगी।

बनवारी साहू महाविद्यालय में जुलाई 2024 सत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार इग्नू अध्ययन केंद्र कोड 32054 बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में जुलाई2024 सत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी इग्नू के समन्वयक प्रो शत्रुघ्न मेहता ने दी। उन्होंने ने बताया की जो भी विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय के माध्यम से स्नातकोत्तर , स्नातक. पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स एवं अन्य रोजगार परक कोर्स में नामांकन लेना चाहते है, वह 15 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से नामांकन करा सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15/07/24 तक निर्धारित है।इस विश्वविद्यालय में वैसे भी विद्यार्थी नामांकन ले सकते हैं जो रेगुलर माध्यम से कक्षाएं कर रहे हैं। उन्होंने बताया की रळ/रउ समुदाय के विद्यार्थियों के लिए स्नातक जनरल कार्यक्रम में निः शुल्क नामांकन का प्रावधान है।इसके माध्यम से कामकाजी महिलायें, नौकरी पेशा कर्मी, योग्यता वर्धन के लिए नामांकन ले सकते हैं।

बंदी के फांसी लगाकर जान देने के मामले में घर पहुंची डालसा की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झालसा रांची के निर्देश पर लोहरदगा डालसा सचिव राजेश कुमार ने दिनांक 5 जुलाई 2024 को बिरसा मुंडा जेल (होटवार जेल) में फांसी लगाने वाले विचाराधीन बंदी सोमरा उरांव, पिता मंगरा उरांव जो खकपतरा, थाना लोहरदगा के रहने वाले हैं के घर जाकर उसकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का संज्ञान लिया । माननीय उच्च न्यायालय एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सह उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश सूजित नारायण प्रसाद के निर्देश के अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए

जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव ने प्राधिकार के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में पीएलबी अशोक कुमार यादव को फांसी लगाने वाले विचाराधीन बंदी के घर भेजा। पीएलबी ने विस्तृत रिपोर्ट देते हुए यह बतलाया कि सोमरा उरांव जिसने बिरसा केन्द्रीय कारा में फांसी लगाई उसके कोई बच्चे नहीं है । उसकी पत्नी साजो- सामान के साथ अपने मायके में रहती है । उसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी , उसका इलाज चल रहा था। संयुक्त परिवार में रह रहे मृतक हत्या के मामले में सितंबर 2017 से जेल में बंद था । प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने लोहरदगा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से त्वरित संपर्क कर पीड़ित परिवार को 50 किलो चावल दिलाया । और अन्य सरकारी स्कीम से जोड़ने के लिए पहल किया । इस संबंध में डालसा सचिव ने यह भी बताया कि नालसा, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कर्तव्य स्कीम के तहत पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ एवं अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु डालसा द्वारा पीएलवी अशोक कुमार यादव को नियुक्त किया गया है । अभी मृतक का अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है।अतः कुछ और जानकारियां इकट्ठा की जानी शेष है। जिसके लिए कैरो ब्लाक के पीएलबी अशोक कुमार यादव को अधिकृत किया गया है ।

बालूमाथ में पंचायत समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख ममता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत समिति को आवंटित 7 0 लाख रुपये खर्च करने के लिए पंचायत से योजनाएं लेने का प्रस्ताव लिया गया। इसके अलावा पंचायतों छोटे छोटे योजनाएं लेने पर भी चर्चा हुई। वहीं उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि पंचायत वार विकास योजनाओं की सूची तैयार कर उप प्रमुख कार्यालय को उपलब्द किया जाय। तथा सूची एक प्रति प्रखंड कार्यालय को भी उपलब्ध कराएं। ताकि योजनाओं को धरातल पर शीघ्र उतारा जा सके। बीडीओ सोमा उरांव ने समिति सदस्यों से पंचायत वार योग्य अभ्यर्थियों से पेंशन का आवेदन लेकर प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने की बात कहा। श्री सोमा उरांव ने बैठक मे कई योजनाओं की जानकारी भी दिया । बैठक में बीडीओ सोमा उरांव, प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम, पंचायत सदस्य ममता कुमारी, खादिया खातुन,ईश्वरी पासवान, पिन्टू नायक, सुनिता देवी,जेई शशिभूषण कुमार, पंचायतिराज के आपरेटर वकील उरांव, सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यों सहित कई लोग उपस्थित थे। वहीं सभी पंचायत समिति सदस्यों ने टीम भावना के साथ विकास कार्य को गति देने की बात कही।

8 जुलाई को अंचल कार्यालय में तालाबंदी और घेराव करेंगे भाजयुमो के कार्यकर्ता

मनिका लातेहार। मनिका भाजयुमो मनिका के तत्वाधान में दिन सोमवार को मंडल अध्यक्ष अंकित राज के नेतृत्व में अंचल कार्यालय मनिका में तालाबंदी एवं घेराव करने का आवाहन किया गया है। वहीं अंकित राज ने बताया कि भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के आदेशानुसार एवं जिला अध्यक्ष छोटू राजा के निर्देश पर मनिका अंचल कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र,जमीन की दाखिल खारिज,अंचल कार्यालय से संबंधित कामों के नाम पर अवैध वसूली समेत इत्यादि परेशानियों को लेकर अंचल कार्यालय में तालाबंदी और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेश पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है।

एक-एक कर 35 केन बम डिफ्यूज करने के दौरान विस्फोट से थर्रा उठा इलाका

नक्सली बुधेश्वर ने अपनी सुरक्षा को लेकर बिछा रखा था केन बम

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला पुलिस को बम बरामदगी के मामले में पहली बार बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक समय नक्सलियों के गढ़ रहे हरिना खाड जंगल से जमीन में गाड़ कर अपनी सुरक्षा व पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से प्लांट कर लगाये गये 35 केन बम बरामद की है। बताया जाता है कि बरामद केन बमो को नक्सली कमांडर बुधेश्वर द्वारा इलाके में सक्रिय रहने के दौरान प्लांट किया गया था। वह इन केन बमों को खुद को सुरक्षित रखने व पुलिस के दस्तक के बाद उसे क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया था। केन बमो को बरामद किए जाने के बाद पुलिस टीम ने उसे एक एक कर उसी जंगल मे डिफ्यूज कर दिया। बमो को डिफ्यूज करने के दौरान विस्फोट की आवाज से पूरा इलाका थर्रा उठा। विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास गांवों के रहने वाले ग्रामीण कुछ समय के लिए भयभीत हो गये। वे पुलिस व नक्सली मुठभेड़ होने की बात समझ कर अपने अपने घरों में दुबक गये। मगर कुछ समय बीतने के बाद उन्हें सच्चाई का पता चला। फिर वे अपने दिनचर्या के कामो में जुट गये। केन बमो के बरामदगी व उसे डिफ्यूज कर दिए जाने की जानकारी देते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि एसपी शंभु सिंह को यह गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों के द्वारा हारिनाखाड़ जंगल मे 35 केन बम लगाकर रखा गया है। इसके बाद एसपी द्वारा एक टीम का गठन किया गया। टीम में टाउन थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अलावा झारखंड जगुवार के जवान शामिल थे।टीम इलाके में पहुंच कर सर्च अभियान शुरू किया। तभी आंजन से करीब एक किमी दूर हरिनाखाड़ जंगल मे प्लांट किये गये एक एक कर 35 केन बम को बरामद किया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाकर बड़ी सावधानी पूर्वक बमो को बाहर निकाला गया। साथ ही उसे दस घंटे के अंतराल में डिफ्यूज कर दिया गया। एसडीपीओ ने बमो के प्लांट किये जाने पर कहा कि निश्चित रूप से माओवादियों द्वारा यह पुलिस को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया था। मगर समय रहते इसे बरामद कर लिया गया। उन्होंने कहा कि एक एक केन बम का वजन दस किलो के आसपास था। उसे सीरीज तरीके से प्लांट किया गया था। सभी बमो के तार एक दूसरे से जुड़े हुए थे। और उसका फैलाव करीब 500 मीटर की दूरी तक थी। अगर नक्सली अपनी मंशा में सफल होते तो किसी बड़ी घटाना से इनकार नही किया जा सकता था। चूंकि बमो को रास्ते के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले स्थानों पर लगाया गया था। एसडीपीओ ने कहा कि ऐसे बमो को चार पांच साल पहले प्लांट किये जाने की संभावना है। सम्भवतः उस समय इलाके में सक्रिय नक्सली बुधेश्वर व उसके दस्ते द्वारा बम को प्लांट किया गया होगा। मगर इलाके से अब नक्सली पूरी तरह साफ हो चुके है। बावजूद बमो से किसी निर्दोष ग्रामीणों के चपेट में भी आने की संभावना थी। इसलिए बमो के मिलने के बाद उक्त रास्तों से ग्रामीणों का आवागमन रोक दिया गया था। हालांकि अब भी 35 केन बमो की बरामदगी के बाद सर्च अभियान जारी है। और भी बम मिलने की संभवना है।

चैनपुर के पेट्रोल पंप में 15 दिनों से पेट्रोल-डीजल नहीं, लोग हलकान

पेट्रोल-डीजल कब आयेगा संचालक को भी नहीं मालूम

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर के लोग इन दिनों क्षेत्र में पेट्रोल नहीं उपलब्ध होने के कारण परेशान हैं। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के छतरपुर में स्थित एक मात्र गणपति बप्पा पेट्रोल पंप पिछले 15 दिनों से बंद है। जिसके कारण स्थानीय वाहन चालक किसान काफी परेशान हैं। देखने योग्य बात यह है कि पुलिस व प्रखंड प्रशासन को भी पेट्रोल को लेकर भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। चैनपुर प्रखंड में मात्र एक पेट्रोल पंप संचालित है जो पिछले 15 दिनों से पेट्रोल डीजल नहीं होने के कारण बंद पड़ा है। और आगे कब पंप में पेट्रोल डीजल आएगा यह भी पंप के संचालक नहीं बता पा रहे हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से लोग मोटरसाइकिल लेकर पेट्रोल पंप तेल भरने आते हैं पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से निराश होकर लौट जाते हैं। और मजबूरन लोगों को ब्लैक में पेट्रोल डीजल महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है। वहीं वाहन चालकों ने बताया कि पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं रहने पर ब्लैक में बेचने वाले दुकानदार पेट्रोल-डीजल की मनमानी रेट वसूलते हैं और तो और माप में भी बहुत कम देते हैं। वहीं कुछ किसानों का कहना है की खेती बाड़ी का समय है ऐसे में पेट्रोल पंप में डीजल नहीं मिलने से महंगे दामों पर डीजल खरीद कर सिंचाई करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि अभी बारिश का समय है खेतों की जुताई हो रही है ऐसे में ट्रैक्टर के लिए डीजल की आवश्यकता पड़ रही है मगर पंप में डीजल नहीं होने के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कुछ लोगों ने बताया कि 12 किलोमीटर जारी या फिर 30 किलोमीटर दूर माझाटोली या फिर 16 किलोमीटर डुमरी जाने पर ही पेट्रोल डीजल मिल सकता है। चैनपुर पेट्रोल पेट्रोल पंप का आए दिन का यही रवैया है। यह पेट्रोल पंप एक महीना सही से संचालित होने के बाद एक से डेढ़ महीने के लिए बंद हो जाता है। जिससे यहां के वाहन चालकों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश दिन यहां पेट्रोल डीजल खत्म होने के कारण यह पेट्रोल पंप बंद ही रहता है। ऐसे भी पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं ऐसे में और महंगे दाम देकर पेट्रोल लेने में वाहन चालकों के जेब पर असर पड़ रहा हैं।

इस संबंध में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने कहा कि पूरे चैनपुर में एकमात्र पेट्रोल पंप है जिस पेट्रोल पंप पर हजारों की संख्या में वाहन चालक आश्रित है। ऐसे में पेट्रोल डीजल नहीं रहने पर लोगों को 10 से 20 रु अधिक देकर ब्लैक में पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ रहा है। चैनपुर में पेट्रोल पंप 1 माह से बंद रहने से वाहन चालक खासा परेशान है। उन्होंने कहा कि किसानों को भी खेती-बाड़ी के लिए डीजल की आवश्यकता पड़ती है अभी खेती-बाड़ी का समय है कई किसान डीजल लेने आ रहे हैं और बैरंग लौट रहे हैं। प्रशासन इस पर पहल करें और चैनपुर के पेट्रोल पंप को जल्द चालू करवाये।

मारपीट में महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आपसी विवाद में सदर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में किराया के मकान में रहने वाली रोघा डीह निवासी हीरामुनी कुमारी व दूसरे किराए दार सुष्मिता के घर पहुंची मेहमान के साथ शनिवार की दोपहर को किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। जिसके बाद हीरामुनी कुमारी मारपीट के दौरान घायल हो गयी। इसके बाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंच घायल हीरामुनी को सदर अस्पताल गुमला लाई। इस दौरान हीरामुनी ने बताया कि उसके बाल पकड़ कर मारपीट की गयी। जिसके साथ ही कान को काट कर लहू लूहान भी कर दिया। पुलिस ने फिलहाल दोनों को समझा बुझा कर मामला को शांत कराया है। ओर घायल का सदर अस्पताल में इलाज कराया।

रसोइया खाना बनाने के क्रम में गर्म माड़ में गिरी, गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के आरसी प्राथमिक विद्यालय चितर पुर की रसोइया 38 वर्षीय सुकुंदा कुजूर शुक्रवार को विद्यालय में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन पका रही थी। तभी वह अनियंत्रित हो गयी और गरम माड़ छलककर उसका चेहरा में आ गया। जिससे वह झुलस गयी और बेसुध होकर गर्म भात में ही गिर गयी। इसके बाद उसे चैनपुर के एक प्राइवेट क्लीनिक में ले जाया गया। जहां उपचार के बाद शनिवार को उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के उपरांत डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया सदर अस्पताल में बर्न वार्ड की व्यवस्था नहीं है जिससे उसका समुचित इलाज नहीं हो पायेगा। घायल महिला को लेकर आई रसोईया संयोजिका गुमला जिला की अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा मध्यान भोजन बनाने के क्रम में महिला झुलसकर गंभीर रूप से घायल हुई है। विभाग इसके इलाज का खर्च उठाए। देवकी देवी ने डीएससी गुमला को आवेदन देने और इलाज की समुचित व्यवस्था करने की मांग करने की बात कही।

10 गो वंशीय मवेशियों को पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। प्रतिबंधित मवेशी से भरी एक पिकअप को कोलेबिरा पुलिस ने गश्ती के दौरान पकड़ा। इस दौरान वाहन चालक एवं वाहन में बैठे अन्य व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गये। पुलिस मवेशी से भरी पिकअप वाहन को थाने लाकर आरोपियों के खिलाफ पशु अत्याचार अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है। गौवंश की रक्षा के पर्याप्त दावे के बावजूद भी सिमडेगा में मवेशियों की तस्करी नहीं रुक रही है। इसका खुलासा एक बार फिर तब हुआ जब कोलेबिरा पुलिस ने कोलेबिरा सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे स्थित चेक नाका के समीप एक पिकअप वाहन जिसका नंबर जेएच 07 एफ एम 8947 है। इसमें 10 प्रतिबंधित पशु लदा पिकअप वाहन शुक्रवार की रात्रि लगभग 2:30 बजे सिमडेगा से रांची की ओर जा रही थी। इसी दरमियान गश्ती पुलिस के द्वारा उक्त वाहन को रोका गया। जिसमें 10 प्रतिबंध पशु पाए गये। जिसे अपने कब्जे में लेते हुए कोलेबिरा पुलिस थाना ले लाई।

वहीं चालक व अन्य लोग मौके पर फरार हो गये। उक्त घटना को लेकर कोलेबिरा पुलिस ने कांड संख्या के 37/24 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। समग्र शिक्षा अभियान प्रखंड गुमला के द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं का शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व के वर्ष में जांच के बाद आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरित किया गया। वैसे बच्चों की भी जांच की गयी जो पहली बार आए हैं अथवा जो पूर्व आ चुके हैं और उन्हें विभिन्न प्रकार के दिव्यांग को मदद करने वाले यंत्र दिया जा सके इसके लिए जांच किया गया। ज्ञात हो एल्मिको कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष दिव्यांग बच्चों की जांच कर उन्हें उपकरण उपलब्ध कराया जाता है। इनमें अलग-अलग विभाग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं और गहनता से जांच करते हैं। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद नूर आलम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अभिभावक को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि अगर कोई बच्चा विद्यालय जाने में असमर्थ है तो उन्हें होम बेस्ड शिक्षा घर पर उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा घर से लाने ले जाने के लिए स्कॉट फैसिलिटी उपलब्ध कराई जाती है। इसकी जानकारी अभिभावक जरूर रखें और बच्चे की पढ़ाई जारी रखें किसी भी तरह की जानकारी के लिए प्रखंड संसाधन केंद्र गुमला से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही कई बच्चों को उन्होंने उपकरण देकर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास, अकाउंटेंट सुजीत झा, रिसर्च शिक्षक चांदनी कुमारी, रश्मि, भुवनेश्वरी, निश्मा, अलका मौजूद रहे। साथ एलिम्को कंपनी के डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह, विश्व रंजन महापात्रा, मदन सिंह, राकेश पटनायक, विपिन, संदीप आदि ने बच्चों का जांच किया।

हाइवा की चपेट में आने से गुरुदेव दास स्वामी घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला सदर प्रखंड के कलिगा गांव के रहने वाले गुरुदेव दास स्वामी पूजा कराने के लिए बाइक पर सवार होकर फोरी जा रहे थे। जिस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक हाईवा ने अंबागढ़ा के समीप चपेट में ले लिया। जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से शनिवार की दोपहर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में उनके पैर और कमर में गंभीर चोट है।

मनरेगा की योजनाओं में लूट का अड्डा बना शहीद तेलंगा खड़िया का गांव मुरगू

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह व प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक मनरेगा की योजनाओं में ग्रामीणों द्वारा मिली भारी घपले घोटाले की शिकायत पर सिसई प्रखंड के मुरगू गांव पहुंचकर गांव वालों से मिलकर योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। नेताओं के निरीक्षण के दौरान मनरेगा की योजनाओं में भारी अनियमितता पकड़ी गई है, जिसकी खुलासा तथा आगामी मनरेगा में हुई लूट के खिलाफ आगामी कार्यक्रम की घोषणा 7 जुलाई 2024 को की जायेगी। निरीक्षण करने गयी टीम में मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव, सिसई के किसान नेता सह बरगांव पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मनी उरांव, प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के सिसई प्रखंड प्रभारी बालेश्वर उरांव के अलावे गांव के मनरेगा मजदूर व लाभुक उपस्थित थे।

डॉ. श्यामा प्रसाद ने बंगाल की हिंदू आबादी को बंग्लादेश में जाने से बचा लिया था : सुदर्शन

भाजपाइयों ने मनायी डॉ श्यामा मुखर्जी की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। स्थानीय विरसा मुंडा एग्रो पार्क में शनिवार को भाजपा जिला की दो सत्रों की महत्वपूर्ण बैठक अयोजित की गयी। पहले सत्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जन्म जयंती मनायी गयी तथा दूसरे सत्र में आगामी 20 जुलाई को रांची में होने वाली विस्तृत कार्यसमिति में भाग लेने हेतु उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ विशेष तैयारी पर मंत्रणा की गयी। इस सत्र में 7 से 15 जुलाई तक एक दिन होने वाली विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में कार्यकर्ता सम्मान एवं संकल्प सभा करने, और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कई अहम बिंदुओं पर परिचर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने की। जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने किया, अपने अध्यक्षीय संबोधन में शिव प्रसाद साहू ने डॉ श्यामा प्रसाद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आज की बैठक की मुख्य विषय वस्तु से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा के निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत ने सम्बोधन में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद की 14 साल की राजनीतिक गतिविधियों पर विशेष प्रकाश डाला।

कहा कि मात्र 33 साल की कम उम्र में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए तथा वे 1934 से 38 तक लगातार दो कार्यकाल पूरे किए। अपने नेतृत्व क्षमता के बूते सशक्त हस्तक्षेप से पूरे बंगाल के हिन्दू बहुल टुकड़े (प.बंगाल) को आज के बंग्लादेश में जाने से बचा लिया।

सिमडेगा में 700 वर्ष पुराना है जगन्नाथ रथयात्रा का इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

बीरुगढ़ में नये विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा और नेत्रदान

सिमडेगा। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का ओड़िसा के साथ साथ पूरे झारखंड में भी काफी महत्व है। सिमडेगा में भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा की परंपरा 700 वर्ष पुरानी है। यहां हर वर्ष बड़े धूमधाम से रथयात्रा का आयोजन होता आ रहा है। ओड़िसा से सटे सिमडेगा जिला में रथयात्रा का इतिहास झारखंड में सबसे पुराना है। सिमडेगा के बीरूगढ और कुटमाकच्छार में भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा का इतिहास 13 वीं सदी से जुड़ा है। ओड़िसा के पुरी के राजा स्व गजपति सिंह देव जी महाराज के वंशज हठबंर सिंह देव 13वीं सदी में इस क्षेत्र में आए और कुटमाकच्छार के बाद केशलपुर तथा बीरूगढ को अपना कार्यक्षेत्र बनाए और यहां अपना राज्य विस्तार किए। बीरूगढ राज परिवार की रानी पद्मावती ने बताया कि 1326 ई में यहां के तत्कालीन राजा हठबंर सिंह देव द्वारा हीं बीरूगढ में प्रथम बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गयी। तब से लेकर अब तक उनके बाद के सभी वंशजों ने प्रत्येक वर्ष रथयात्रा का आयोजन एक परंपरा के जैसे निभाते आ रहे हैं। इसके बाद से हीं इस क्षेत्र में जगह जगह रथयात्रा की शुरूआत हुई। यहां रामरेखा, कुटमाकछार, टुकुपानी, कोलेबिरा सहित सिमडेगा के हर क्षेत्र में हर वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलती रही है। देव स्नान के उपरांत 14 दिन के एकांतवास के बाद शनिवार को भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रहों को बाहर निकाला गया। इसके बाद विग्रहों की राज परिवार के द्वारा विधि विधान से पूजा और नेत्रदान अनुष्ठान किए गये। इसके बाद कल रथयात्रा निकाला जायेगा। तब महाप्रभु बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ सजे हुए रथ में सवार होकर ढोल नगाड़ों के साथ मौसीबाडी जायेंगे। बीरूगढ के सत्यजीत प्रसाद ने बताया कि भगवान के विग्रह काफी पुराने और क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस लिए इस बार नये विग्रह के साथ रथयात्रा निकाली जायेगी। शनिवार को इस नए विग्रहों का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा और नेत्रदान अनुष्ठान किया गया। जिसमे राज परिवार के दुर्ग विजय सिंह देव सपत्नीक जजमान के रूप में अनुष्ठान कार्य किए। सत्यजीत प्रसाद ने बताया कि रथयात्रा के दौरान 09 दिनों तक महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ मौसी बाड़ी में रहेंगे। इस दौरान यहां 09 दिनों तक भंडारा चलेगा।

कुडुख भाषा शिक्षक पद सृजन सर्वे में भारी गड़बड़ी, सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। आदिवासियों की विलुप्त होती कुंडुख, मुंडा, हो, खड़िया भाषा आदि को बचाने के लिए सरकार ने प्राथमिक/मध्य विद्यालय, स्तर पर भाषा शिक्षक बहाली कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय सराहनीय है। लेकिन वहीं पांचवी अनुसूचित क्षेत्र के गुमला जिला के भरनो प्रखंड को छोड़कर, गुमला जिला के शेष सभी प्रखंडो में कुंडुख (उरांव) भाषा पद सृजन में भारी गड़बड़ी किया गया है जो कुंडुख समाज का नींद उड़ा दिया है। झारखंड सरकार का उचित नीति न होने के कारण प्राथमिक/मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा कुंडुख/ उरांव बच्चों का नामांकित संख्या विद्यालय में अधिक होने के बावजूद भी कुंडुख के स्थान पर नागपुरी का पद सृजित कर दिया गया है । उरांव आदिवासी समुदाय ने गड़बडी का कारण पता करने के लिए राजकीय कृत मध्य विद्यालय विश्राम पुर पहुंच कर शिक्षको से पूछताछ की गयी । तब पता चला कि विद्यालय में लगभग 90% कुंडुख /उरांव बच्चों का नामांकन के बावजूद, बच्चों के द्वारा बोली जानी वाले सादरी भाषा (बोली) को आधार बना कर कुंडुख /उरांव शिक्षक पद सृजन के स्थान पर नागपुरी का पद सृजन किया गया है। इधर आज कुंडुख भाषा संरक्षण समन्वय समिति झारखंड प्रदेश ने कार्तिक उरांव आदिवासी कुंडुख विद्यालय छारदा में बैठक कर इस गंभीर विषय को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया है। मुख्य मंत्री से मिलने के बाद भी यदि समस्या का समाधाना नहीं हुआ तो कुंडुख उरांव समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसकी तैयारी की जा रही है। कुंडुख समाज को ऐसा लग रहा था कि सरकार ने प्राथमिक/मध्य विद्यालय स्तर पर आदिवासी भाषा शिक्षक बहाल करने से अब हमारा कुंडुख भाषा को बिलुप्त होने से बचाया जा सकता है। लेकिन परिस्थिति इसके दिखाई पड़ रही है। अब तक कुंडुख के स्थान पर संस्कृत को थोपा गया है। अब उपर से नागपुरी को घुसाया जा रहा है। ऐसे में आदिवासी भाषा कुंडुख का क्या होगा आदिवासी भाषा शिक्षक पद सृजन हेतु फिलहाल सरकार की ओर से सर्वे कराया गया है। उचित नीति न होने के कारण प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चो की बोली सादरी को आधार बनाकर नागपुरी का पद सृजन किया गया है।

अजरबैजान में अचीवर अवार्ड से नवाजे गये पर्यावरणविद कौशल किशोर और मुखिया पूनम

- अजरबैजान के टूरिस्ट डायरेक्टर और विश्व के साउथ ईस्ट रोशन ने पर्यावरणविद कौशल को सौंपा अवार्ड
- पर्यावरणविद ने अपनी संस्था का विस्तार करते हुए अजरबैजान में कमेटी गठित की

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विदेश यात्रा से अपनी पत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल के साथ वतन लौटे पर्यावरणविद कौशल किशोर का उनके लोगों ने भव्य स्वागत किया। पर्यावरणविद कौशल को अजरबैजान की राजधानी बाकू के एक होटल में समारोह आयोजित कर अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। समारोह का उद्घाटन विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनकी पत्नी व डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, अजरबैजान के टूरिस्ट सेल के डायरेक्टर रोशन, मोनिका लुइस, खडवानी के साथ संयुक्तरूप से किया था। इस अवसर पर पर्यावरणविद व मुखिया की ओर से कर्नाटक का चंदन और हिमाचल का कपूर का पौधा सभी अतिथियों को भेंट किया गया। वहीं, अतिथियों ने कपूर के पौधे के पत्ते के टुकड़े को सूंघ कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर ट्री मैन के नाम से विख्यात कौशल किशोर ने लोगों को बताया कि वे अपनी जन्मभूमि पर अपने निजी खर्चे से भारत के झारखंड के पलामू जिला स्थित छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर में विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। जिसका निर्माण कार्य आखिरी चरण में है। उसका उद्घाटन राज्यपाल करेंगें। पर्यावरणविद ने विदेशी मेहमानों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। अजरबैजान की राजधानी बाकू के लिटिल वेनेस में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद ने बताया कि उनके द्वारा चलाये गये निःशुल्क पौधरोपण अभियान और वनराखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष और पौधा वितरण व रोपण का 58 वां वर्ष पूरा होने पर वहां भी संस्था का विस्तार किया। है जिसके तहत अजरबैजान के राष्ट्रीय अध्यक्ष समरीन जैदी और मोनिका लुइस उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पौधों का वितरण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। चार दिवसीय विदेश यात्रा से लौटने पर घर में परिजनों व शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल का भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रो अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल, आद्रिका जायसवाल व अनुषा जायसवाल मौजूद थे।

हुसैनाबाद के झामुमो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के तीसरी बार शपथ लेने के बाद हुसैनाबाद झामुमो के नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह और जाकिर अली उर्फ राज अली ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बुके देकर बधाई दी। झामुमो नेताओ ने कहा कि संविधान की ताकत ने षड्यंत्रकारियों के मंसूबे को नाकाम कर दिया। न्यायालय ने सच्चाई को उजागर करते हुए जमानत देकर हेमंत सोरेन को बेदाग साबित कर दिया है। जो विपक्षी नेताओं के लिए करारा झटका है। बची हुई कसर विधानसभा चुनाव 2024 में जनता निकाल देगी। इस दौरान झामुमो नेताओं ने क्षेत्र की जन समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और सार्थक पहल की अपील की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई देते झामुमो नेता-कार्यकर्ता।

'एक पेड़ मां के नाम' के तहत मनाया गया वन महोत्सव

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला में केंद्र सरकार की युवा खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश और नीलाम्बर पीताम्बर के आदेशानुसार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम और कार्यक्रम पदाधिकारी पुरषोतम सिंह के नेतृत्व में हुआ। उक्त कार्यक्रम में भाजपा नेत्री मंजुलता दूबे भी उपस्थित थी। इस दौरान बरगद, पीपल, नीम, आम, सागवान आदि के पौधे लगाये गये। वन महोत्सव सप्ताह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक एवं और सेविकाओं, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

देसी शराब पीने से युवक की हुई मौत

झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया में अवैध शराब का गोरखधंधा तेजी से फल-फूल रहा है। जिसका खामियाजा झरिया के नई दुनिया बस्ती में रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला शनिवार को देखने को मिला। 40 वर्षीय दिव्यांग कोयरीबांध रजक पट्टी निवासी राजेश रविदास का शव लावारिस हालत में बरामद हुआ। मृतक सोन पापड़ी बनाकर अपनी जीवनयापन करता था। मृतक के छोटे भाई विवेक रविदास ने बताया कि उसकी मौत देशी अवैध शराब पीने से हुई है। मृतक के भाई का आरोप है कि झरिया के नई दुनिया बस्ती में में शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। जिसे पीकर लोग अपनी जान गवां रहे हैं। पुलिस-प्रशासन भी सबकुछ देखकर आंखे बंद किये हुए है, जिससे अवैध शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं।

भाजपाइयों ने मनायी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : रामचंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी सभागार में शनिवार को भाजपा की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी। एस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवाद के पुरोधा थे। देश हित में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। ऐसे महान विभूति को देश कभी नहीं भूल सकता। विधायक ने इस अवसर पर आरसीयू विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने अपने हाथों से 51 इमारती और फलदार पौधा लगाया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण और उसका संरक्षण जरूरी है। विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भोला चंद्रवंशी ने मौजूद लोगों को सामूहिक रूप से पौधारोपण और संरक्षण का संकल्प दिलवाया।

पौधारोपण करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

सेवा के लिए देवघर जायेगा माता हीरामणि देवी निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का जत्था

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में कांवरियों की सेवा के लिए डाल्टनगंज से माता हीरामणि देवी निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का 200 सदस्यीय जत्था 14 जुलाई को देवघर के लिए रवाना होगा। शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर सेवादार प्रमोद अग्रवाल, पप्पन अग्रवाल और कंचन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि 14 जुलाई की सुबह 11.30 बजे सुदना स्थित कैंप कार्यालय से 200 सदस्यों का सेवा दल देवघर के लिए रवाना होगा, जो पूरे श्रावण मास में कांवरियों की सेवा करता रहेगा। वर्ष 1998 से यह सेवा शिविर लगातार चलते आया है। बिहार- झारखंड सीमा से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर नावाडीह गांव में यह सेवा शिविर स्थापित होगा, जहां कांवरियों को सुबह, दोपहर और शाम में लंगर का प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही रात में विश्राम की भी निःशुल्क व्यवस्था होगी। सुबह-शाम भव्य आरती और भक्ति जागरण का भी आयोजन होगा। सेवादार प्रमोद अग्रवाल ने पलामू वासियों से अपील की कि वह इस कैंप में जरूर पहुंचे और उन्हें सेवा का मौका दें। इस मौके पर राजू अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल 'टुन्नु', संजीव अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

आरपीएस पब्लिक स्कूल में पौधरोपण महोत्सव आयोजित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। वर्षा ऋतु के शुभ आगमन के साथ जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने 100 छायादार व फलदार वृक्ष लगाए। प्राइमरी कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं ने फूलदान सजाए, वृक्षों को लगाने एवं संरक्षण करने की शपथ ली। वहीं, प्राचार्य मनुज शर्मा ने फलदार वृक्ष लगाकर सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा भरा बनाना हमारा कर्तव्य है।

धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे डॉ श्यामा प्रसाद : विधायक आलोक चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर शनिवार को भाजपा के मेदिनीनगर जिला कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बस्तियों में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान जैसे रचनात्मक कार्यक्रम कर डॉ मुखर्जी की जयंती मनाई गई। 23 जून से 6 जुलाई तक स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जिले के सभी 1563 बूथों पर पौधे लगाए गए। संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने कहा कि डॉॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी लोगों को ताकत देते हैं। उनके ऊंचे आदर्श लाखों लोगों को आज भी प्रेरित करते रहते हैं। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चतरा जिला प्रभारी विनय जायसवाल ने कहा कि आज यदि कश्मीर में धारा 370 नहीं है, दो झंडे नहीं हैं तो इसका श्रेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जाता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही जनसंघ की स्थापना की. भाजपा जनसंघ का ही नया रूप है। बताया कि जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी एक प्रतिष्ठित वकील थे। उन्होंने 1929 में राजनीति में कदम रखा और बंगाल विधान परिषद के सदस्य बनें। वो देश के पहले उद्योग मंत्री थे लेकिन उन्होंने जल्द ही विरोध के चलते नेहरू सरकार से इस्तीफा दे दिया। वहीं, डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। कश्मीर के भारत में पूर्णतया विलय के मुद्दे पर उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। वे प्रबल राष्ट्रवाद के प्रवर्तक थे। वारिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा एवं दुर्गा जौहरी ने भी इस संगोष्ठी में अपने विचार रखे। संगोठी का संचालन महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा एवं धनवाद ज्ञापन महामंत्री श्याम बाबू ने किया। इस दौरान आगामी 11 जुलाई को डाल्टनगंज विधानसभा अंतर्गत होने वाले कार्यकर्ताओं का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर डाल्टनगंज विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक भी आयोजित की गई। इस मौके पर अजय तिवारी, रूपा सिंह, मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरूणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, विजय ओझा, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, रीना किशोर, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, अजय सिंह, शशिभूषण पांडे, अविनाश सिन्हा छोटू, सुनील पांडे, सिकेंदर चौधरी, शंभू राम, विजय पाठक, जवाहर चंद्रवंशी, मनोज विश्वकर्मा, स्वेतांग गर्ग, विपुल गुप्ता, भोला सिंह, रेखा सिंह, राजहंस अग्रवाल, राजेश गुप्ता, ओम प्रकाश पप्पू आदि थे।

आकांक्षी प्रखंड को गति देने के लिए डीडीसी ने संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। जिले के उडीडीसी शब्बीर अहमद ने शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आकांक्षी जिला और प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत तीन महीने तक चलने वाले संपूर्णता अभियान की विधिवत शुरूआत की। इस कार्यक्रम के तहत जिले के आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डीडीसी ने हेल्थ न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर एवं सोशल डेवलपमेंट से संबंधित छह इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हरिहरगंज एवं आकांक्षी जिला पलामू में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए पूरे मन से कार्य करने की बात कही। कहा कि केंद्र सरकार की नीति आयोग की ओर से निर्धारित इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है। हेल्थ एंड न्यूट्रीशन के अंतर्गत डीडीसी ने गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इससे पहले प्रखंड स्तर पर संपूर्णता अभियान की सफलता को लेकर सामूहिक शपथ दिलाई गई। वहीं, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रखंड परिसर में पौधारोपण कर इसके लिए लोगों को प्रेरित किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने भी आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा बतया। कार्यक्रम का संचालन खड़गपुर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद ने किया। मौके पर डीपीओ कुमार अभिनय, डीएओ बिरुवर, बीईओ रामनरेश राम, जिला परिषद मंजू देवी, प्रमुख कमला देवी, अकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार, नीति आयोग डीएल पलामू अनिल गुप्ता, गांधी फेलो किशन मौर्या, मुखिया विनय कुमार सिंह, जितेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments

Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU

Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE I CSE (AI) I CE I EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE I EEE I CE ME I EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm I D.Pharm I BCA MCA I BBA I MBA I B.Lib.I.Sc I M.Lib.M.Sc I ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. I B.H.M.S I B.Sc. Nursing I GNM I ANM I B.Sc. (Medical) I B.Sc. MLT
B.Ed. I D.EL.Ed I M.D. I M.D.S. I M.Sc. (Medical) I PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



एडीएम (कानून व्यवस्था) ने किया एसएनएमएमसीएच अस्पताल का निरीक्षण

महिला वार्ड में पुरुष और गंदगी देख नाराज हुईं हेमा प्रसाद, दी हिदायत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। एडीएम (कानून व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने शनिवार को शहर के एसएनएमएमसीएच अस्पताल के लावारिस, महिला-पुरुष और पोइजन वार्ड के अलावा शिशु विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, सर्जरी विभाग, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड केंद्र, जेनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आईसीयू, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग अंतः कक्ष आदि विभिन्न विभाग एवं सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम (कानून व्यवस्था) ने वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीज से बातचीत कर राउंड पर डॉक्टर के आने, नर्स द्वारा समय पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ-सफाई की व्यवस्था, चादर बदलने और दवा आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इस पर मरीज ने समय पर डॉक्टर के राउंड पर आने पर सहमति जताई। वहीं, निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में कई पुरुषों को देख नाराजगी जाहिर की और ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान को इन मामलों पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

एसएनएमएमसीएच अस्पताल का निरीक्षण करतीं एडीएम (कानून व्यवस्था)।

उन्होंने कहा कि महिला वार्ड में पुरुष नहीं रुके इसका ख्याल रखें। वहीं, लावारिस वार्ड में गंदगी देख वार्ड इंचार्ज को फटकार लगाते हुए अच्छी तरह देखरेख एवं समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद एडीएम ने एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सह अधीक्षक डॉक्टर ज्योति रंजन से वार्ता कर अस्पताल की विधि व्यवस्था, मरीजों को बेहतर इलाज एवं सुविधा प्रदान करने आदि बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर शेखर सुमन, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

मां के श्राद्धकर्म से लौट रहे सीसीएलकर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना में कार्यरत सेंट्रल कॉलोनी निवासी डंफर ऑपरेटर बैजनाथ नोनिया (52) का बिहार के चौपारण में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने पैतृक निवास स्थान बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमा बसडीहा से वापस बाइक से अपने वर्तमान निवास स्थान सेंट्रल कॉलोनी आ रहे थे। तभी चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहरावां ओवरब्रिज के नीचे तेज गति से आ रही ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बैजनाथ नोनिया की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया। लेकिन मौका पाकर चालक और खलासी ट्रक छोड़कर फरार हो गए। मृतक बैजनाथ अपने अपनी मां के श्राद्धक्रम से घर लौट रहे थे।

वांछित वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। पुलिस ने लंबे समय से वांछित लाल वारंटी एक आरोपी को शुक्रवार की देर रात को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानेदार धीरज कुमार ने बताया कि महुदा रेल थाना कांड संख्या 8/5 यू.एस-3 आरपी यूपी एक्ट के लौह उपकरण की चोरी के आरोप में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी पादुगोड़ा गांव निवासी चंदू महतो को गुप्त सूचना के आधार पर पदुगोड़ा गांव स्थित हरि मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को उसे न्यायिक अभिरक्षा में धनबाद मंडल कारा भेज दिया गया। गिरफ्तार चंदू के खिलाफ धनबाद रेलवे न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत था।

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

T. Reference No. :- Hotwar-05/2024-25 Date 05.07.2024

Si.No.	Name of Work	Estimated Cost (in Lakhs.)	Bid Security (Lakhs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
1.	Annual Repair & Maintenance, operation & handling of W/S scheme & S.T.P. of Birsa Munda Central Jail. Hotwar Ranchi for the year of 2024-25 under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi,	7592097.00	1.52000	10000.00	1 Year
2.	Date of Tender Uploading on Website	10.07.2024/02.00 PM.			
3.	Document Download / Sale Start Date	10.07.2024/02.00 PM.			
4.	Bid Submission Start Date	10.07.2024/02.00 PM.			
5.	Document Download / Sale End Date	16.07.2024/04.00 PM.			
6.	Bid Submission End Date	16.07.2024/04.00 PM.			
7.	Date of Opening of Tender	18.07.2024/11.00 AM.			
8.	Name & Address of Office Inviting Tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.			
9.	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.			
10.	Contact No. Of Procurement Office	0651-3560890			
11.	Helpline No. Of e-procurement cell	0651-3560890			

नोटः–1. निविदा की राशि घट बढ सकती है। विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR.NO.328853 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

झरिया मातृसदन में गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया मातृसदन अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला चंद्रावती देवी व नवजात की मौत से नाराज परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन पर चिकित्सा में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। यह देख अस्पताल से डॉक्टर और कर्मचारी भाग खड़े हुए। इसकी सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजन को चार लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनी। उधर, जामाडोबा जीतपुर निवासी मोहन तिवारी ने बताया की उनकी पत्नी चंद्रावती देवी को शुक्रवार को पेट में दर्द की शिकायत के बाद मातृसदन अस्पताल में डॉक्टर कृष्ण अग्रवाल की सलाह पर भर्ती कराया गया। अल्ट्रासाउंड करवाने पर पता चला पेट में बच्चे की मौत हो गई है। तब नर्मल या सीजर से बच्चे को निकालने की बात कही गई और दवा दी गयी। इसके कुछ देर बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गयी। उन्होंने आरोप लगाया कि दवा खाने के बाद ही पत्नी की तबियत बिगड़ी और उसकी मौत हुई है। समय रहते हुए पत्नी का इलाज सही ढंग से हो जाता तो उसकी जान बच सकती थी।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चतरोचट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को गोमिया सीओ प्रदीप महतो ने बीएलओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान सीओ ने मतदाता सूचि पुनरीक्षण से संबंधित प्रखंड के बीएलओ से सभी बिंदुओं व फॉर्मों की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची को त्रुटिरहित करने के लिए घर-घर जाकर अच्छे से सर्वे करने का निर्देश दिया।18 वर्ष से अधिक उम्र वालों को मतदाता सूची में नाम अंकित करने, मृत व्यक्तियों का नाम हटाने और नव विवाहिताओं का भी नाम जोड़ने का निर्देश दिया। बीएलओ के दिए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची का काम निर्धारित समय सीमा के अंदर करने को कहा। बैठक में सातों पचांयत के आंगनबाड़ी सेविका व बीएलओ शामिल थीं।

अवैध बालू लदा हाइवा और ट्रैक्टर जब्त

धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार तड़के तीन बजे से सुबह 7 बजे के बीच राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि जांच के दौरान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से 500 घनफीट अवैध बालू लदा हाईवा और राजगंज थाना क्षेत्र से करीब 100 घनफीट अवैध बालू लदा बिना नंबर का ट्रैक्टर पकड़ा गया। जांच दल को देखते ही दोनों वाहनों के चालक फरार हो गये। वहीं, जांच के बाद दोनों वाहनों के विरुद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच दल में नवनियुक्त खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली आदि शामिल थे।

मैथन में अपराध गोष्ठी का आयोजन



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत माणिक बाखला के मैथन कार्यालय में शनिवार को जून महीने के अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सभी थाना व ओपी प्रभारी के समक्ष जून महीने में प्रतिवेदित एवं निष्पादित होने वाले संभावित कांडों की समीक्षा की। वरीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त पत्रों का निष्पादन, वारंट का निष्पादन, थाना प्रभारी को खुद वाहन जांच करने एवं चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि के रोकथाम को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया। वारंट, कुर्की, सम्मन आदि का निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, अंचल निरीक्षक फागु होरो, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक अक्षय राम, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, कालुबथान ओपी प्रभारी राजीव प्रकाश, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय और रीडर जेपी वर्मा उपस्थित थे।

एक देश में दो विधान, दो निशान दो प्रधान नहीं चलें : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भाजपा बरटांड़ मंडल के तत्वाधान में रणधीर वर्मा चौक पर शनिवार को जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक राज सिन्हा ने कहा कि 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' का नारा देने वाले राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए अपना जीवन अर्पित करने वाले देश के अमर नायक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण ही आज जम्मू कश्मीर में भारतीय संविधान पूरी तरह से लागू हो पाया है। उन्होंने ही देश विभाजन के समय प्रस्तावित पाकिस्तान में बंगाल और पंजाब के विभाजन की मांग उठाकर वर्तमान बंगाल और पंजाब को बचाया था।

विधायक ने कहा कि गांधी जी और सरदार वल्लभभाई पटेल के अनुरोध पर वह आजाद भारत के पहले मंत्रिमंडल में गैर कांग्रेसी उद्योग मंत्री के रूप में शामिल हुए थे। लेकिन उनके राष्ट्रवादी चिंतन के कारण अन्य नेताओं से मतभेद बराबर बने रहे। जिस कारण राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया और जनसंघ की स्थापना की जो वर्तमान में भाजपा के नाम से जानी जाती है। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं से उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल, निवर्तमान पार्षद अशोक पाल रणविजय सिंह, पुरुषोत्तम रंजन, अमरजीत कुमार, मनोज मालाकार, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, मंडल महामंत्री टुन्ना सिंह, मनोज रिंकू, शंभु सिंह, बबलू फरिदी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता यादव, डीके सिंह, अमित सिंह, बृजनंदन शर्मा, लोहा सिंह, संजीत सिंह आदि थे।

कर्मचारियों का बसेरा बना छत्रुटांड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा प्रखंड अंतर्गत छत्रुटॉड़ पंचायत में लाखों की लागत से बना स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों स्वास्थय कर्मियों का बसेरा बना हुआ हैं। बताते चलें कि स्वास्थ्य केंद्र के बने पांच वर्ष से अधिक समय बीत चुका हैं। दीनचर्या में जो स्वास्थय कर्मी रहने चाहिए वो अपने नीजी प्रेक्टिस में व्यस्थ रहते है। वहीं इस बाबत जब वर्तमान में पदस्थापित डॉक्टर शोभा सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से साफ मना कर दिया। कहा कि वे कैमरे के सामने कुछ भी नहीं कहेंगी। इस दौरान उन्होंने ऑफ कैमरा बताया कि वस्तु स्थिती जो है आपके सामने है। यहॉ एटेंडेंस डायरी में सीर्फ काम दीखता है, बाकि सुविधा के नाम पर मरीज आते हैं जिन्हें हम ईलाज के लिए सीएचसी बाघमारा या धनबाद भेज देते है। वहीं, हैरत की बात है कि जो कम्पाउंडर है वही लैब व मेडिसीन विभाग देख रहे है। जबकि सरकारी योजना से बने स्वास्थ्य केंद्र में सभी कमरो का इस्तमाल विभाग के कर्मचारियों द्वारा निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। पूछे जाने पर आम जनों को दवाई के नाम पर फटकार मिलती हैं। हालांकि इस संदर्भ में बाघमारा सीएचसी प्रभारी प्रभास कुमार ने फोन पर बात करने से उन्होंने मना कर दिया।

तोपचांची प्रखंड में आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम, मांग पत्र सौंपा

बीडीओ ब्लैकलिस्टेड ठेकेदारों के साथ खेल रहे वाउचर का खेलः सदानंद महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू की ओर से जारी 'हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत शनिवार को तोपचांची प्रखंड में सभा आयोजित की गयी। जिसके माध्यम से बीडीओ एवं सीओ को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान आजसू के महासचिव संतोष महतो ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में सभी पदाधिकारी भ्रष्ट हो चुके हैं। आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची प्रखंड के विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। जिस कारण जल नल योजना ठप पड़ गयी है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य व्यवस्था भी पूर्ण रूप से लचर है। आंचल कार्यालय में बिना चढ़ावे के कोई काम नहीं होता। बीडीओ ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार से वाउचर- वाउचर खेल रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से भ्रष्ट पदाधिकारी को चेतावनी दी गई कि वह स्वतः चेत जायें। कार्यक्रम का नेतृत्व रमेश जायसवाल, सुरेश महतो, विनोद बिहारी महतो, दयाल महतो, विनोद महतो, रमेश मुनि, दुर्गा गोप, इकरामुल अंसारी, परमेश्वर महतो, मोहम्मद गुलाब रब्बानी, बिंदेश्वरी महतो, निरंजन मंडल, गीता देवी, प्रदीप केवट, गिरधारी महतो, प्रेमचंद महतो, भवानी महतो, राजू गोप, महेंद्र महतो, सपन पाल, कृष्णा महतो, कमल दे और गीता देवी आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार, परिवहन विभाग
प्रेस विज्ञप्ति
–:मोटरयान निरीक्षकों की नियुक्ति हेतु अत्यावश्यक सूचना:–

झारखण्ड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 (विज्ञापन संख्या– 04/2023 एवं 05/2023) के आधार पर झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा परिवहन विभाग, झारखण्ड में मोटरयान निरीक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग में समर्पित सभी प्रमाण पत्रों यथा– शैक्षणिक योग्यता/ उम्र/ चरित्र/जाति (जहाँ लागू हो)/आवासीय (जहाँ लागू हो) एवं अन्य संबद्ध प्रमाण पत्रों का मूल प्रमाण पत्रों से मिलान/जाँच दिनांक– 09.07.2024 एवं दिनांक– 10.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक परिवहन विभाग, एफ.एफ.पी. भवन, धुर्वा, राँची के भूतल अवस्थित परिवहन आयुक्त कार्यालय में किया जाएगा।

अतः संबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निम्नांकित मूल कागजातों एवं अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ यथा स्थान निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाय।

1. हाल ही के छः फोटोग्राफ (पासपोर्ट साइज)
2. उम्र संबंधी प्रमाण–पत्र
3. शैक्षणिक योग्यता के सभी प्रमाण–पत्र
4. आवासीय प्रमाण–पत्र(जहाँ लागू हो)
5. जाति प्रमाण–पत्र(जहाँ लागू हो)
6. प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश –पत्र
7. पूर्व से कही कार्यरत रहने की स्थिति में संबंधित नियोक्ता द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र।
8. चरित्र प्रमाण–पत्र
9. वांछित वैध चालक अनुज्ञप्ति
10. अन्य संबंधित प्रमाण–पत्र/कागजात

सरकार के उप सचिव,
झारखण्ड, राँची।

PR.NO.328813 Transport(24-25):D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
(विकास शाखा)
E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com
Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

–: आवश्यक सूचना :–

गुमला जिला के किसानों सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री कुसुम (कृषक ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) Component- B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्प सेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन अनुदानित दर पर जेडा, राँची के द्वारा किया जाना है। उपरोक्त योजना अंतर्गत 2 एच०पी० (AC & DC), 3 एच०पी० (AC & DC) एवं 5 एच०पी० (AC & DC) क्षमता के सोलर पम्प सेट (Submersible/Surface Mounted) उपलब्ध करायी जाएगी।

वैसे लघु एवं सीमांत किसान जिनके खेतों Grid Connectivity उपलब्ध नही है, वह योजना के Online website Portal http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के 2 एच०पी० (AC & DC), 3 एच०पी० (AC & DC) एवं 5 एच०पी० (AC & DC) क्षमता के सोलर पम्प सेट के लिए Online आवेदन स्वयं से करेंगे। जिसमें से पम्प के क्षमता अनुसार निर्धारित लाभुक अशंदान का भुगतान पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा, तथा AC एवं DC का चयन किसान/लाभुक के द्वारा स्वयं से किया जाएगा।

उपरोक्त सोलर पम्प सेट क्षमता के अनुसार निम्नवत् राशि का Online भुगतान होगा। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

क्रमांक	क्षमता	राशि
1	2 एच०पी० (AC & DC)	5000.00
2	3 एच०पी० (AC & DC)	7000.00
3	5 एच०पी० (AC & DC)	10000.00

लाभुकों के चयन की प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी :–

1. वैसे कृषक या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर जिन्हें उक्त योजना लाभ पूर्व में मिल चुका है उन्हें इस योजना का लाभ दुबारा नहीं दिया जाएगा।
2. वैसे कृषक जिसका स्वयं का सिंचाई कूप या 4"/6"/8"/10" व्यास का डीप बोरिंग उपलब्ध हो जिसमें जल जमाव वर्ष भर रहे।
3. वैसे कृषक जिनके पास स्वयं का कृषि योग्य कम से कम 2.5 एकड़ सिंचित भूमि हो।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्प सेट का लाभ दिया जाएगा। जो पहले ग्रीड आधारित/डीजल चलित पम्प सेट का प्रयोग कर पाने में समक्ष नहीं थे एवं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जाएगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व में न हो।
5. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्प सेट हेतु ही आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जाएगा।
6. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर है एवं जो Micro & Drip Irrigation से जुड़े हुए किसान है एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सोलर पम्प सेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निम्नवत् स्व–अभिप्रमाणित दस्तावेजों को आवेदन पत्रों के साथ Online Portal पर अपलोड करना आवश्यक होगा :–

1. संबंधित कृषक का कृषि योग्य भूमि का कागजात की छायाप्रति।
2. संबंधित कृषक के जमीन का लगान/रसीद की छायाप्रति।
3. संबंधित कृषक का राशनकार्ड/वोटर आई०डी०/आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. संबंधित कृषक का फोटो (डीप बोरिंग/सिंचाई कूप के साथ)
5. संबंधित कृषक का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान
6. सत्यापित आवेदन के उपरांत आवेदन द्वारा विहित प्रपत्र में घोषाण पत्र नोटरी के माध्यम से बनवा कर जिला विकास शाखा, गुमला (विकास भवन) में आवेदन क्रमांक के साथ जमा करना होगा।

अन्य शर्तें :–

- वैसे आवेदन डाटा/जांच के दौरान गलत पाये जाते है तो उस रद्द कर दी जाएगी।
- यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगा दी जायेंगे तो उन्हें एक जगह दूसरी जगह हस्तांरित नहीं किया जाएगा और न ही विभाग द्वारा इसकी कोई जिम्मेवारी ली जाएगी।
- जेडा, राँची द्वारा जारी वेबपोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जाएगी।
- एक कृषक को केवल एक सोलर पम्प सेट हेतु आवेदन पत्र स्वीकृत किया जाएगा।
- समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों में समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वयं सत्यापित हाल की फोटो।
- चयन समिति के द्वारा कृषकों के प्राप्त Online आवेदनों (वांछित अनुलग्नक के साथ) की जांच की जाएगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर जेडा कार्यालय, राँची को अग्रसारित कर दी जाएगी।

सोलर पम्प सेट की आपूर्ति एवं अधिष्टापन हेतु Online आवेदन करने की अंतिम तिथि 27.07.2024 समय अपराह्न 05.00 बजे तक है एवं उक्त तिथि के बाद किये गये Online आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाएगा तथा उक्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।

नोट :–

1. Online आवेदन करने से ही मात्र सोलर पम्प सेट की पूर्णता स्वीकृति का दावा अनुमान्य नहीं होगा।
2. सोलर पम्प सेट का अधिष्ठापन हेतु सुरक्षा के दृष्टि से संबंधित कृषक के पास सुरक्षित स्थान/योग्य भूमि हो विभाग द्वारा इसकी जिम्मेवारी नहीं ली जायेगी। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित कृषक की होगी।
3. उपरोक्त सोलर पम्प सेट के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु लाभुक/कृषक किसी भी अनजान फोन कॉल या अन्य कोई Online Portal पर की जाने वाली धोखा धड़ी से हमेशा सावधान रहे अन्यथा उक्त द्वारा किये गये धोखाधड़ी पर संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित लाभुक/कृषक की होगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
गुमला।

PR 328847 (Rural Development) 24-25 (D)

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने ओड़िशा के सीएम मोहन चरण माझी से भेंट की

राज्य की औद्योगिक और सामाजिक आर्थिक वृद्धि को तेज करने के साझे विजन पर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने ओड़िशा के नव-नियुक्त मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से भेंट कर उन्हें नयी सरकार के गठन पर बधाई दी तथा राज्य के जारी एवं भावी विकास के बारे में चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान श्री अग्रवाल ने ओड़िशा के विकास हेतु वेदांता ग्रुप की अडिग प्रतिबद्धता को दोहराया। यह चर्चा सहयोग के नये क्षेत्रों की पहचान पर केंद्रित थी, जो ओड़िशा की परिवर्तनकारी यात्रा को और तेज कर सके तथा राज्य के औद्योगिक एवं सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ायें।

नयी सरकार के विजन एवं नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि ओड़िशा की उल्लेखनीय वृद्धि इसके लोगों के अथक परिश्रम और अटूट समर्पण की परिचायक है। वेदांता की सफलता में ओड़िशा की प्रमुख भूमिका है और इस प्रदेश के सतत एवं समावेशी विकास के लिए हम समर्पित हैं। श्री माझी के साथ मेरी मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण रही और हमने ओड़िशा के विकास के लिए अपने साझा विजन पर चर्चा की। उनके सक्षम नेतृत्व में हमारी दीर्घकालिक सहभागिता जारी रहेगी और हम ओड़िशा को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

वेदांता ग्रुप ने ओड़िशा में महत्वपूर्ण निवेश किये हैं, जो एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। समूह दुनिया में जितने भी निवेश किये हैं, उनमें ओड़िशा में किया गया निवेश सबसे अधिक है।

ओड़िशा में किये गये निवेश से झारसुगुड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत एल्यूमिनियम स्मेल्टर स्थापित किया गया, जिसकी क्षमता 1.8 मीट्रिक टन सालाना है तथा लांजिगढ़ (कालाहांडी) में 3.5 मीट्रिक टन सालाना क्षमता की विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी स्थापित की गयी है। इन पहलों के द्वारा समूह ने प्रदेश में एक लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियों की रचना की है, जिनसे दूरस्थ इलाकों में समृद्धि आयी है और स्थानीय समुदायों का मुख्य सामाजिक-आर्थिक धारा के साथ जुड़ाव सम्भव हुआ है।

साल 2022 में ओड़िशा के अपने पिछले दौरे में श्री अग्रवाल ने 25,000 करोड़ के नये निवेशों की घोषणा की थी। इस निवेश के माध्यम से ओड़िशा में वेदांता के एल्यूमिनियम, फैरोक्रोम और खनन कारोबार का विस्तार किया जायेगा। कारोबार के अलावा वेदांता के सामुदायिक विकास के कार्यक्रम आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, जमीनी स्तर पर खेलों एवं संस्कृति के संवर्धन में सक्रिय हैं, जिनसे ओड़िशा के 500 गांवों के 4.5 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है।

रथयात्रा के तीर्थयात्रियों से इस्ट कोस्ट रेलवे ने सुरक्षित यात्रा की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रथ यात्रा के मद्देनजर ईस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) तीर्थयात्रियों के लिए एक सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कमर कस रहा है। इस त्योहारी सीजन के दौरान यात्री यातायात में वृद्धि की प्रत्याशा में इसीओआर ने भीड़भाड़ वाली ट्रेनों में यात्री सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। तीर्थयात्रियों और यात्रियों से आग्रह किया जाता है कि वे फुटबोर्ड, बफर्स या ट्रेन के डिब्बों की छत पर यात्रा करने जैसे जोखिम भरे व्यवहार से बचें। यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसीओआर तीर्थयात्रियों और यात्रियों को कोई भी ज्वलनशील वस्तु न ले जाने, अजनबियों से भोजन या पेय स्वीकार न करने और लावारिस सामान या संदिग्ध वस्तुओं को न छूने की सलाह देता है।

यात्रियों को सावधान करने के अलावा इसीओआर ने भीड़ नियंत्रण उपायों को लागू करने और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ निगरानी के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों की सहायता ली है। सभी यात्रियों, विशेषकर तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लगातार निगरानी रखने और सतर्क रहने के लिए आरपीएफ स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

रथ यात्रा के दौरान मांग में वृद्धि को देखते हुए इसीओआर ने पुरी के लिए नियमित सेवाओं के पूरक के रूप में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इन अतिरिक्त सेवाओं का उद्देश्य रथ यात्रा, बाहुदा यात्रा, सुनावेसा और अधरापना दिनों में शामिल होने वाले तीर्थयात्रियों की आमद को समायोजित करना है। यात्री सुविधा को और बढ़ाने के लिए इसीओआर ने प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर, पूछताछ काउंटर और सूचना केंद्र प्रदान किए हैं। सभी यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए खानपान सेवाओं, स्वच्छता सुविधाओं, चिकित्सा सहायता बूथों और बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था सहित विशेष सुविधाएं बनायी गयी हैं। इसीओआर सभी तीर्थयात्रियों को रेलवे कर्मचारियों के साथ सहयोग करने और अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। आइए हम सब मिलकर इस रथ यात्रा को सभी के लिए एक यादगार और सुरक्षित अनुभव बनायें।

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं एनवीडिया ने एमओयू साइन करने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआइइटी) ने एनवीडिया (एनवीडिया) के साथ एक एमओयू साइन करने की घोषणा की, जिसके तहत एनवीडिया (एनवीडिया) एआइ यूनिवर्सिटी प्रोग्राम के तकनीकी सहयोग से थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआइ एंड डेटा साइंस (टीएसऐएआइ) की स्थापना की जायेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) दुनिया भर के उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है, शिक्षा के भविष्य को नया रूप दे रही है और जीवन को बदल रही है। टीआइइटी और एनवीडिया के बीच एमओयू के तहत थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआइ एंड डेटा साइंस की स्थापना टीआइइटी के पटियाला कैंपस में की जायेगी।

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ पद्मकुमार नायर ने कहा कि हम एनवीडिया के तकनीकी सहयोग से इस एआइ स्कूल की स्थापना करने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं।

एनवीडिया के एशिया साउथ के प्रबंध निदेशक विशाल धूपर ने कहा कि ग्लोबल एआइ एजुकेशन इनिशिएटिव में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में थापर इंस्टीट्यूट पूरे भारत में एआइ विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक एनवीडिया तकनीकों को एक साथ लेकर आयेगा। नया एआइ स्कूल एआइ विशेषज्ञता में अंतर को पाटने में मदद करेगा और उद्योग में शानदार रिसर्च और इनोवेशन का रास्ता मजबूत करेगा।

टीआइइटी जेनरेटिव एआइके विकास और तैनाती के लिए एनवीडिया डीजीएक्स सिस्टम, एनवीडिया एच100 टेंसर कोर जीपीयूएस, एनवीडिया ए100 टेंसर कोर जीपीयू और एनवीडिया एआइ एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए अत्याधुनिक एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करेगा। यह समर्पित डेटा केंद्र लगभग 8 टेराबाइट जीपीयू मेमोरी के साथ 227 पेटाफ्लॉप्स एआइ प्रदर्शन प्रदान करेगा।

अहमदाबाद में हिंदू संगठनों ने राहुल के पुतले जलाये

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को दिन के एक बजे अहमदाबाद पहुंचे। राहुल के पहुंचने से पहले विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उनके पुतले जलाये। कार्यकर्ता संसद में राहुल के कथित हिंदू विरोधी बयान का विरोध कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। विरोध के बीच राहुल गांधी अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे।

मोदी अयोध्या से लड़ना चाहते थे, हार के डर से वाराणसी गये, वहां भी बड़ी मुश्किल से जीते

राहुल ने कहा कि अयोध्या के लोगों के मकान-दुकानें तोड़ी गयीं, मुआवजा आज तक नहीं मिला। अयोध्या से जीतने वाले सांसद ने बताया कि नरेंद्र मोदी वाराणसी से नहीं, अयोध्या से लड़ना चाहते थे, लेकिन वहां 3 सर्वे करने वालों ने कहा कि अगर आप अयोध्या से चुनाव लड़ोगे, तो हार जाओगे और राजनीतिक करियर खत्म हो जायेगा। कांग्रेस सांसद ने कहा- वाराणसी में हमसे छोटी सी गलती हो गयी, वर्ना हम वहां भी जीत जाते। पीएम मोदी के एक लाख वोटों से जीतने का मतलब है कि मुश्किल से जान बच गयी।

!! जय श्री राम !! ॐ !! सनातन धर्म की जय हो!!

मंदिर निर्माण में सहभागी बनें

सभी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से मंदिर कमेटी आग्रह करती है कि श्री महावीर मंदिर के गुम्बद निर्माण में अपना सहयोग देकर हमें अनुग्रहित करें ।

सहयोग राशि हेतु खाता संख्या

A/C Name : Shree Shree Mahavir Mandir
A/C No. : 000054000006
Bank Name : UCO Bank Kanke
IFSC : UCOBA003499

UCO BANK

श्री श्री महावीर मंदिर
रामनवमी मुख्य आखाड़ा जोड़ापुल
काँके, रांची (झारखंड)

सम्पर्क सूत्र : 9801438198, 7480808025

दामोदर घाटी निगम
बोकारो ताप विद्युत केन्द्र
बोकारो थर्मल (झारखंड) - 829107

दामोदर घाटी निगम के 77वें स्थापना दिवस 07 जुलाई, 2024 के शुभ अवसर पर डीवीसी बीटीपीएस परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

हर घर तक बिजली, हर दिल तक खुशी !
उर्जा का नया अयाम, डीवीसी का अभियान !!

आनंद मोहन प्रसाद
वरिष्ठ महा प्रबंधक एवं परियोजना प्रधान
डीवीसी बोकारो थर्मल

डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

धनवार। बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की 123वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और मिठाई बांटी गयी। इस बाबत श्री सिंह ने श्यामा प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक और महान राष्ट्रवादी थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद से इन्होंने 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की और 1980 में यही भारतीय जनता पार्टी बन गयी। डॉ मुखर्जी ने भारत की एकता और प्रगति के लिए अपना पूरा जीवन खपा दिया। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील अग्रवाल, बिनोद पांडेय, विजय अग्रवाल, बिनोद शर्मा, राजेंद्र यादव, पवन सिंह, सोहन यादव, नारायण विश्वकर्मा, कृष्णदेव रजक, नकुल राय, प्रमोद देव, उपेंद्र सिंह, अशोक राय, मानव शास्त्री आदि शामिल थे।

जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' को फिर से खोलने को लेकर मंथन, 9 को होगी बैठक

भुवनेश्वर। श्री जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' को फिर से खोलने और आभूषणों समेत कीमती वस्तुओं की सूची तैयार करने की निगरानी के लिए ओड़िशा सरकार ने उच्च स्तरीय समिति गठित की है, जो मंदिर के खजाने को फिर से खोलने की तिथि तय करने के लिए 9 जुलाई को बैठक करेगी। देश के चार धामों में से एक जगन्नाथ मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में हुआ था। इस मंदिर में एक रत्न भंडार भी है, जिसमें जगन्नाथ मंदिर के तीनों देवता भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के गहने रखे गये हैं, जबकि कई राजाओं और भक्तों के भगवान को चढ़ाये गये जेवरात भी रत्न भंडार में रखे जाते हैं। वहीं मंदिर के रत्न भंडारे को फिर से खोलने को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने शनिवार को पुरी में समिति की पहली बैठक के बाद कहा कि मंदिर के खजाने को फिर से खोलने की तिथि तय करने के लिए 9 जुलाई को समिति बैठक करेगी।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**